भाद्रपद कृष्ण पक्ष-3, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 61 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
22 अगस्त 2024 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम




Page- 7

## कश्मीर में राहुल V/S राम, भाजपा की नजर कांग्रेस के गठबंधन पर

**श्रीनगर, एजेंसी।**

नए जम्मू-कश्मीर में पहली बार हो रहे विधानसभा चुनावों के चलते राज्य में राजनीतिक सरगर्मी बढ गई है। भाजपा का चुनाव प्रभारी बनाए जाने के दूसरे दिन ही राममाधव श्रीनगर पहुंच गए तो दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी डेरा जमा लिया है। माना जा रहा है कि वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन को अंतिम रूप दे सकते हैं। हालांकि पार्टी नेताओं ने कहा है कि राहुल का दौरा पहले से तय था और वे एक पार्टी सम्मेलन के लिये आए हैं। लेकिन राज्य में दो दिन से नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच बैठकों का दौर भी चल चुका है। इसके चलते भाजपा इस वक्त कांग्रेस-नेकां के बीच पक रही राजनीतिक खिचड़ी पर पैनी नजर रखे हुए है। इस गठबंधन के नफा- नुकसान का भी आकलन कर रही है।



### कामयाब रही जुगलबंदी

**नेकां-कांग्रेस में बात बन जाती है तो जम्मू संभाग के कई विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत चुनौती मिलेगी। लोकसभा चुनाव में जम्मू संसदीय सीट पर कांग्रेस को आरएस पुरा-जम्मू दक्षिण, सुचेतगढ़, गुलाबगढ़ में बढ़त मिली थी। उधमपुर संसदीय सीट पर भी कांग्रेस को बनिहाल, डोडा, भद्रवाह, इंद्रबल विधानसभा क्षेत्रों में जीत मिली थी।**

## आधुनिकीकरण से ही लाइब्रेरी बनी रहेंगी ज्ञान का स्त्रोतः मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज यहां कहा कि पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण, स्वचालन, नेटवर्किंग, डिजिटलीकरण, ग्रीन लाइब्रेरी और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पुस्तकालय के महत्व जैसे विषयों पर चिंतन और विचार विमर्श से ही पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और समसामयिक शिक्षा प्रणाली में उनकी उपयोगिता बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त होगा तथा यह पुस्तकालय समाज में ज्ञान के स्त्रोत की भूमिका निभाते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा बदलते शैक्षणिक एवं सामाजिक परिवेश में लाइब्रेरी की भूमिका और चुनौतियां विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित करते हुए कही।



### दो लाख राखियां

इससे पहले मुख्यमंत्री को महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने समत्व भवन पहुंचकर राखी बांधी और झाबुआ की दो लाख बहनों द्वारा भेजे गए रक्षा सूत्रों में से प्रतीक स्वरूप कुछ रक्षा सूत्र भेंट किए। यह राखियां, परंपरागत भीली डलिया में लेकर भूरिया समत्व भवन पहुंची थीं। उल्लेखनीय है कि यादव द्वारा लाडली बहन योजना के कहत 1250 रुपए की राशि के अतिरिक्त रक्षाबंधन के उपहार के रूप में 250 की राशि प्रदान की गई है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केसः बंगाल सरकार ने उतारी वकीलों की फौज

# CBI ने सौंपी स्टेटस रिपोर्ट, डॉक्टरों को सुप्रीम हिदायत-तत्काल काम पर लौटें

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई के दौरान फिर डाक्टरों से काम पर लौटने की हिदायत दी। इससे पहले सीबीआई और कोलकाता पुलिस ने सीलबंद लिफाफे में अपनी स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट में कहा है कि कोलकाता में मौका-ए-वारदात से छेड़छाड़ की गई है। केस की लीपापोती की कोशिश की गई. अंतिम संस्कार के बाद एफआईआर दर्ज हुई। यह मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के पास है। इसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल हैं। खास बात यह कि, सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इधर मामले में बंगाल सरकार ने 21 वकीलों की टीम उतारी है।

आज की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को काम पर लौटने दें और एक बार जब वे ड्यूटी पर लौट आएंगे तो अदालत अधिकारियों को उन पर कार्रवाई न करने के लिए मनाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर डॉक्टर काम पर नहीं लौटेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे काम करेगा। दरअसल, सुनवाई के दौरान एम्स नागपुर के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कहा कि उनके विरोध के कारण अब उन पर हमला किया जा रहा है। उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर वे ड्यूटी पर हैं तो उन्हें अनुपस्थित नहीं माना जाएगा और अगर वे ड्यूटी पर नहीं हैं तो कानून का पालन किया जाएगा। उन्हें पहले काम पर लौटने के लिए कहें। कोई भी डॉक्टर के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं करेगा। अगर उसके बाद कोई परेशानी होती है तो हमारे पास आएं।




### फर्श पर सोने का वाकया

**सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी एक कहानी भी सुनाई। उन्होंने बताया कि वह एक बार एक सार्वजनिक अस्पताल के फर्श पर सोए थे, जब उनके एक रिश्तेदार की तबीयत खराब थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**

### पुलिस पर सवाल, जज बोले-तीस साल में ऐसी लापरवाही नहीं देखी

सुनवाई के दौरान कोलकाता पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठे। सीजेआई ने कहा, बहुत परेशान करने वाली बात है कि सुबह 10.10 बजे अननेचुरल डेथ की डायर एंट्री हुई। इसके 12 घंटे बाद क्राइम सीन का डिमार्केशन हुआ।सुनवाई के दौरान यह हैरानी करने वाली बात भी सामने आई कि पोस्टमार्टम के बाद एफआईआर दर्ज की गई। सुप्रीम कोर्ट को दी गई जानकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम शाम को 7.10 बजे खत्म हुआ, जबकि एफआईआर रात 11.45 दर्ज की गई। जजों ने कहा कि उन्होंने अपने 30 साल के करियर में ऐसी लापरवाही नहीं देखी।



### भतीजे से ममता की खटपट !

कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्याकांड मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और उनकी बुआ ममता बनर्जी के बीच मतभेद की भी खबरे हैं। कहा जा रहा है कि अभिषेक इस मामले में कार्रवाई में लेटलतीफी से परेशान हैं और उन्होंने इस पर चुप्पी ही बनाए रखना ठीक समझा। लेकिन आज उन्होंने चुप्पी तोड़ी और रेप के मामलों के लेकर सख्त कानून लाने की मांग की। उन्होंने बलात्कारियों और हत्यारों पर त्वरित गति से मुकदमा चलाने का आह्वान किया। ज्ञात हो कि अभिषेक ने सीबीआई से त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए दीदी की रैलियों और पदयात्राओं में भाग नहीं लेने का विकल्प चुना था।

## महाकाल मंदिर की सुरक्षा के लिए होमगार्ड भर्ती शुरू



**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।**

महाकाल व कालभैरव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था अब होमगार्ड संभालेंगे। इसके लिये भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब तक यह व्यवस्था संभाल रही निजी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा श्रद्धालुओं से आए दिन मारपीट करने के बढ़ते मामले आदि के चलते सीएम मोहन यादव ने होमगार्ड को सुरक्षा का जिम्मा देने की घोषणा की है। घोषणा के बाद तीन नई कंपनियों के लिए 540 जवानों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा शिप्रा नदी पर लोगों की सुरक्षा के लिए भी जवानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। श्रीमहाकाल मंदिर की दर्शन व्यवस्था होमगार्ड के करीब साढे पांच सौ जवान संभालेंगे। अभी निजी सुरक्षा कंपनी के 700 कर्मचारी तैनात है।

## मैंने अभिनय नहीं किया तो मर जाऊंगाः गोपी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

केंद्रीय मंत्री और अभिनेता सुरेश गोपी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फिल्मों में काम करने की अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि मेरे पास 20-22 फिल्मों में काम करने का मौका है। यह मेरा जुनून है। अगर मैनें फिल्में नहीं कीं तो मैं मर जाऊंगा। केरल फिल्म चैंबर के एक कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि मैनें 20-22 फिल्मों की कहानी सुनी है और मैं इसमें काम करना चाहता हूं। मैनें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अनुमति मांगी थी। बकौल गोपी, जब शाह ने मुझसे पूछा कि कितनी फिल्में हैं,तो मैने कहा करीब 22 हैं तो उन्होंने मेरे प्रार्थना पत्र को किनारे रख दिया। हालांकि उन्होंने कहा है कि अनुमति जल्द मिल जाएगी। मैंने उनसे कहा था कि मंत्रालय का काम प्रभावित न हो इसके लिए मैं अपने साथ चार अधिकारियों को लेकर जाऊंगा। गोपी ने यह भी कहा कि अगर मुझे अनुमति नहीं मिलती है तो मैं छह सितंबर से शूटिंग शुरू करने जा रहा हूं। अगर इसके एवज में मुझे मंत्री पद से हटा दिया जाता है तो समझूंगा कि मैं बच गया।



**शाह से मांगी फिल्मों में काम की अनुमति**

### ईडी के खिलाफ मप्र कांग्रेस का धरना प्रदर्शन




*भोपाल। मप्र कांग्रेस आज भोपाल में प्रवर्तन निदेशालय (ED ) के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यालय से मंजीरे बजाते हुए अरेरा हिल्स स्थित ईडी कार्यालय के पास तक पहुंचे। धरना-प्रदर्शन में प्रभारी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित तमाम कांग्रेस के नेता मौजूद हैं। यह प्रदर्शन अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी औद्योगिक समूह पर गंभीर आरोप के चलते हो रहा है। हिंडनबर्ग नस दावा किया है कि मार्केट रेगुलेटर सेबी चीफ माधबी पुरी बुच की उन विदेशी फंडों में हिस्सेदारी है जिनका अडानी समूह इस्तेमाल करता है।*

## स्ट्रांग सिस्टम की आहट, दो दिन भीगेंगे भोपाल-इंदौर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दो सप्ताह से थमी बरसात का सिलसिला दो दिन बाद जमकर शुरू होने के आसार हैं। क्योंकि महीने के आखिरी दिनों में मध्यप्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश कराने वाला स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। आज भी इससे आधे प्रदेश यानी 27 जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं। इसके बाद 24 और 25 अगस्त को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम और सागर संभाग के 31 जिलों के लिए भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 'अगले 24 घंटे में ग्वालियर, मुरैना, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, बड़वानी, इंदौर, रायसेन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, छतरपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर और शहडोल में तेज बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में गरज-चमक और हल्की बारिश का दौर बना रहेगा।'



## पीएम नहीं, अब चांसलर बनना चाहते हैं इमरान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

बीते एक साल से जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर पद के लिए आवेदन कर सबको चौंका दिया है। इमरान ने जेल से ही ब्रिटेन और दुनिया की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड के शीर्ष पद के लिए अप्लाई किया है। उनके इस कदम ने इस सवाल को भी जन्म दिया है कि बीते दो दशक में पाकिस्तान के सबसे चर्चित नेता रहे इमरान खान क्या अब देश के बाहर जाना चाहते हैं। इमरान अब क्रिकेट और राजनीति के बाद तीसरा विकल्प खोज रहे हैं। साथ ही इमरान क्या पाकिस्तान आर्मी को भी संकेत दे रहे हैं कि उनकी अब सियासत में दिलचस्पी नहीं है।



**मेट्रो एंकर**

### शिक्षा मंत्रालय के विश्लेषण में दिलचस्प निष्कर्ष उभरे

# निजी स्कूलों में बोए बेटे और ऊग आई बेटियां!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

अक्सर कहा जाता है 'बोए जाते हैं बेटे और उग आती हैं बेटियां। खाद-पानी बेटों में, लहलहाती हैं बेटियां।' यह एक कविता भी है। बहरहाल, शिक्षा मंत्रालय ने बीते दो वर्ष के दौरान देशभर के 59 स्कूल बोर्ड्स के रिजल्ट का दिचलस्प विश्लेषण किया है। इनसे प्राप्त आंकड़ों को देखकर कहा जा सकता है कि प्राइवेट स्कूलों में भेजे जाते हैं बेटे, और बेटियां सरकारी स्कूलों में भी पढ़कर अव्वल आ जाती हैं।अध्ययन के निष्कर्ष बता रहे हैं कि देश के प्राइवेट स्कूलों में लड़कों की तादाद ज्यादा है, जबकि सरकारी स्कूलों में लड़कियों की संख्या अधिक है। सबसे अहम बात यह नहीं, बल्कि यह है कि लड़कियां हर तरह के स्कूलों में ओवरऑल




रिजल्ट में लड़कों से बेहतर हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण होने का परसेंटेज 6 से 7 प्रतिशत ज्यादा ही रहा है। 10वीं के रिजल्ट में लड़कियों की कामयाबी का परसेंटेज 86.9 प्रतिशत और लड़कों का 83 प्रतिशत रहा, जबकि 12वीं में लड़कियों का पास परसेंटेज 86.3 प्रतिशत और लड़कों का 78.9 प्रतिशत रहा। यानि बराबरी के मौके न मिलने पर भी लड़कियों का रिजल्ट बेहतर है। शिक्षा मंत्रालय चाहता है कि सभी स्कूल बोर्ड्स ऐसा क्राइटेरिया अपनाएं, जिसमें सभी बोर्ड के छात्रों को बराबर मौके मिलें।

### अलग अलग हैं दिलचस्पी, साइंस में आंध्र आगे

पढ़ने वालों में आंध्र प्रदेश बोर्ड के सबसे अधिक 78 प्रतिशत छात्र हैं। मणिपुर में 68.4 प्रतिशत और तमिलनाडु में 65.9 प्रतिशत छात्र साइंस लेते हैं। वहीं त्रिपुरा बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन में सबसे अधिक 84.6 प्रतिशत स्टूडेंट आर्ट्स स्ट्रीम पढ़ते हैं। गुजरात बोर्ड में 82.8 प्रतिशत और मेघालय में 81.1 प्रतिशत स्टूडेंट आर्ट्स लेते हैं। CISCE में सबसे अधिक 35.4 प्रतिशत स्टूडेंट कॉमर्स पढ़ते हैं, जबकि तमिलनाडु और केरल में 28.5 प्रतिशत आर्ट्स लेते हैं।

# अब आरटीओ दफ्तर में रजिस्ट्रेशन कार्ड की किल्लत, रोज चक्कर काट रहे वाहन मालिक



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नए वाहन की खरीद करने वाले इस वक्त रजिस्ट्रेशन कार्ड की शॉर्टेज के चलते आरटीओ कार्यालय में परेशान हो रहे हैं। बताया जाता है कि अब तक करीब 6 हजार कार्ड पेंडिंग है, इसको लेकर लगातार आवेदक आरटीओ के चक्कर काट रहे हैं, इनमें नए वाहन के अलावा पुराने रिनुअल रजिस्ट्रेशन कार्ड के मामले भी शामिल हैं। हालांकि भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में यह स्थिति बताई जा रही है। परिवहन अधिकारियों की माने तो लंबे समय से इस कार्ड की शॉर्टेज बनी है। मगर 20 अगस्त की शाम कार्ड और इंक रिबल आरटीओ कार्यालय पहुंचे हैं, जिसके चलते 21 से यह स्थिति सुधरने की संभावना है, विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह पेंडेंसी अगले चार दिन में ठीक हो जाएगी। अभी प्रतिदिन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल में रोजाना 2 हजार तक कार्ड प्रिंट किए जाते हैं।

बताया जाता है कि चिप कार्ड की किल्लत करीब साल भर से चल रही है, रूस यूक्रेन वॉर के चलते चिप कार्ड के ट्रांसपोर्टेशन में दिक्कत आ रही है। इस कारण कार्ड बहुत कम मात्रा में आ पा रहे हैं। इस वजह से लाइसेंस आवेदकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जनवरी 2024 के बाद से अभी तक करीब चार बार कार्ड और इंक रिबन की शॉर्टेज सामने आ चुकी है। इससे परेशान लोगों का कहना है कि करीब महीने भर पहले से वे कार्ड के लिये परेशान हो रहे हैं। वहीं इस मामले में आरटीओ जितेंद्र शर्मा का कहना है कि बड़ी संख्या में कार्ड आ चुके हैं, पेंडेंसी को अगले दो से तीन दिन में खत्म कर दिया जाएगा। ताकि आवेदकों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आए।

### एजेंटों का विवाद अब खत्म

दूसरी तरफ आरटीओ में एजेंट और अधिकारियों के बीच की खींचतान भी खत्म होने को है। आरटीओ द्वारा एजेंटों की फाइलें लंबे समय से नहीं ली जा रहीं थीं, जिसके बाद एजेंट कई बार आरटीओ कार्यालय में प्रदर्शन कर चुके हैं, विभाग से भी इसकी शिकायत हो चुकी है। इसका असर यह है कि कल से एजेंटों की फाइलें आरटीओ कार्यालय मेंस्वीकार की जाने लगी हैं।

### भोपाल जिला पंचायत शिक्षा समिति की बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुए निर्णय

# स्कूल में राष्ट्रगान नहीं कराने के मामले में होगी जांच, डीईओ ने कहा:होगी कार्रवाई




भोपाल, दोपहर मेट्रो।

भोपाल जिला पंचायत सभा कक्ष में शिक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट एवं सभापति शिक्षा समिति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने सभापति की अनुमति लेकर बैठक शुरू कर एजेंडा रखते हुए बिंदुवार चर्चा की। सभापति मोहन सिंह जाट ने बैठक के प्रारंभ में ही शासकीय माध्यमिक शाला पिपलिया बाज खां स्कूल में राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय नहीं बोलने का मुद्दा उठाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से जवाब मांगा सभी सदस्यों ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए स्कूल प्रभारी जावेद सुल्तान पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। सदस्यों के विरोध के बाद जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने डीपीसी भोपाल ओपी शर्मा को जांच करने को कहां।



**शर्मा को हटाने का प्रस्ताव रखा:** मोहन सिंह जाट उपाध्यक्ष ने एट खेड़ी हाई स्कूल के प्रिंसिपल एवं कल खेड़ा माध्यमिक शाला स्कूल की टीचर वृंदा शर्मा को हटाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में एजेंट के बिंदु बार चर्चा करते हुए पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन पर चर्चा। मप्र शासन द्वारा संचालित शिक्षा विभाग समस्त योजनाओं की लक्ष्य एवं पूर्ति आवंटन बार पर चर्चा। सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी एवं आवंटन एवं निर्माण कार्य पर चर्चा। जिले की शालाओं में संचालित मध्यान भोजन पर चर्चा। खेल विभाग की योजनाओं की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रस्ताव पास किया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा स्कूल में राष्ट्रगान नहीं करना यह बहुत बड़ा अपराध है जांच कर जो भी दोषी है उस पर कार्रवाई की जाएगी। जिला सदस्य विनय मैहर ने बैरसिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत खेतवास के शासकीय हाई स्कूल में बच्चों को पीने के पानी के लिए टेबल बोर में मोटर डालने का मुद्दा जोर शोर से उठाया। सदस्य विनय मैहर ने कहा कि सब बच्चे पर ऐसी मार रहे हैं स्कूल में अगर स्कूलों में पर्याप्त टीचर है तो रिक्त पदों को हटाया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि रिक्त पदों को हटाने का काम डीपी विभाग करता है मैं पत्र लिखकर डीपी को भेजता हूं। पीने का पानी नहीं है लाखों रुपए का नलकूप खनन है उसमें मोटर डाली जाए इस बात का सभी सदस्य ने समर्थन किया जिला शिक्षा अधिकारी ने टिफिन मोटर के लिए 30 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। विनय मैहर के प्रयासों से खेतवास हाई स्कूल के बच्चों को मिलेगा पीने का पानी। सदस्य विक्रम बालेश्वर ने ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों मैं शिक्षकों की कमी के साथ जिला शिक्षा अधिकारी से पूछा कि साहब कुछ स्कूलों में शिक्षक नहीं है, कुछ स्कूलों में पर्याप्त टीचर हैं फिर भी पोर्टल पर पद रिक्त दिखाया जाता है लोग आवेदन लेकर स्कूल में पहुंचते हैं उनका कोई बताने वाला नहीं है

### मप्र मानव अधिकार आयोग

# बिना सुरक्षा उपकरण कर्मचारियों को चैंबर में उतारा, ननि आयुक्त से जवाब तलब

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल के होशंगाबाद रोड पर नर्मदा सप्लाई लाइन के वाल्व को सुधारने के दौरान दो कर्मचारियों को बिना सुरक्षा उपकरण के ही पानी से भरे चौंबर में उतारने के मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने बिना सुरक्षा उपायों के कर्मचारियों से जोखिम पूर्ण कार्य कराये जाने के संबंध में दोषी व्यक्ति-अधिकारी के विरूद्ध की गई कार्यवाही तथा ऐसी पूर्णावृति न हो, इसके लिये आवश्यक कार्यवाही के सम्बनध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि इस दौरान चौंबर में उतारने के दौरान एक कर्मचारी को पानी का तेज झटका लगा और वह घबराकर पानी से बाहर निकला। निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को बिना उपकरण और संसाधनों के तालाब में उतारने से उनकी जान का खतरा बना रहता है। गौरतलब है कि राजधानी में ही सीवेज लाइन साफ करने उतरे दो सफाई कर्मियों की दम घुटने से मृत्यु भी हो चुकी है।




### सड़क के गड्ढे में अटका पहिया, युवक की मृत्यु

भोपाल शहर के कटारा हिल्स इलाके में भोपाल बाईपास की खराब सड़क के गड्ढे में एक बाइक का टायर फंस जाने के कारण बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर मृतक के मृत्यु बाईपास की खराब सड़क के गड्ढे में बाइक का टायर फंसने के कारण होने के सम्बन्ध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### शमशान पर दबंगों का कब्जा, कलेक्टर को जांच के निर्देश

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले के कोलुआ खुर्द गांव में दबंगों द्वारा गांव की सड़क-मंदिर, श्मशान घाट एवं नदी-नालों पर कब्जा किये जाने का मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कोलुआ खुर्द गांव की मृतकों की शव यात्रा को श्मशान तक ले जा सकने के लिये आवश्यक रास्ते की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि गांवों वालों द्वारा किसी की मृत्यु हो जाने पर उसकी शव यात्रा को कीचड़ से भरे खेतों के रास्ते से ले जाने पर भी दबंगों द्वारा उनसे विवाद किया जा रहा है। इस कारण गांव वालों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### आरोग्य केन्द्र में 10 दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ

# प्राकृतिक चिकित्सा से स्वस्थ रहने की कला सीखने आए साधक-साधिकाएं

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

प्राकृतिक उपचार केन्द्र आरोग्य केन्द्र में 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला' में 10 दिवसीय शिविर का शुभारंभ बुधवार को हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधक-साधिकाएं अपनी शारीरिक समस्या से निजात पाने के लिए आए हैं। प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से उपचार किया जाएगा।

शिविर के पहले दिन सुबह पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ व्याख्यान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने दिया। टेवानी ने कहा कि शिविर का



उद्देश्य है श्प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना संभव है। शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखते हैं। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर' रखा गया है।

**व्याख्यान, शंका समाधान सत्र :** शिविर में दिनचर्या व उपवास की कला सिखाई जाएगी, साथ ही यहा आपका पंच तत्वों से उपचार किया जाएगा जैसे पृथ्वी जल अगिन वायु आकाश। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सकों एवं व्याख्यान कर्ताओं के अलग-अलग विषयों पर सुबह शाम व्याख्यान एवं शंका समाधान सत्र होंगे।

# अखबारों की प्रिंटिंग यूनिट को देखा छात्राओं ने

### नवनिध की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने प्रिंटिंग संस्थानों को भ्रमण किया। इसका उद्देश्य छात्राओं को समाचार पत्रों की प्रिंटिंग का संचालन व व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था, जिससे वे प्रिंटिंग के तरीकों एवं प्रणाली की समग्र कार्यप्रणाली को समझ सकें। इस अनुभव के दौरान, छात्राओं ने अखबार के कागजों की रोलिंग, छपाई, रंगों के मिश्रण तथा समाचार पत्र के अंतिम मुद्रण के विभिन्न स्तरों की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। इसके अलावा, मेश प्रिंटिंग प्रेस में उन्होंने कटिंग, स्पाइरल बाइंडिंग, यूवी प्रिंटिंग, पेपर फोल्डिंग, बॉक्स फोल्डिंग आदि प्रक्रियाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान, छात्राओं ने इंटरेक्टिव सत्र में भी भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्य, अमृता मोटवानी ने कहा कि प्रिंटिंग प्रेस विजिट का उद्देश्य छात्राओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। शिक्षा पुस्तकों की सीमाओं से परे जीवन के अनुभवों से समृद्ध होनी चाहिए। इस प्रकार की रोचक गतिविधियाँ छात्राओं को दिन-प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाले समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के मुद्रण की संपूर्ण जानकारी प्रदान करने में मदद करती हैं।

**मेट्रो एंकर**

### कर्नल पारवानी ने दिलाई कर्त्तव्य निष्ठा और अनुशासन की शपथ

# संस्कार स्कूल के शपथ समारोह में छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने शपथ ली

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संस्कार स्कूल में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। रिटायर्ड कर्नल नारायण पारवानी परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि आज छात्र परिषद के बच्चों के साथ-साथ सभी बच्चों को शपथ लेना चाहिए कि स्कूल में हमेशा अनुशासन में रहना है। परिषद के जिस पदाधिकारी को जो पद मिला है उसकी गरिमा बनाए रखेंगे। कर्नल पारवानी ने कहा कि छात्र परिषद का कार्य होता है कि बच्चों की समस्याओं को मेनेजमेंट तक पहुंचाना जो कि बहुत ही जिम्मेदारी वाला कार्य होता है छात्र परिषद के बच्चों से कहा कि आप रोल माडल है आपको ऐसा कार्य भी करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, उपप्राचार्या श्रीमती मीनल




नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, समस्त शिक्षक समुदाय एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**इन ने ली शपथ :** छात्र परिषद में अध्यक्ष के पद पर गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष आकृति शर्मा, सचिव सुहानी जैन, सह सचिव पूजा गौर, क्री?ा सचिव प्रियांशु चौराग?, राज प्रजापति, विकास प्रजापति, कल्चरल सचिव नीलम मेहरा, दिक्षा पराते, भावेश वाधवानी, नम्रता मेंघानी, अंजली अग्रवाल, लिट्रेक्चर सचिव भाविका गुरबानी, अनन्या चन्द्रवंशी, माही मंगलानी, अनुशासन सचिव साक्षी मेहरा, अंजली चन्द्रवंशी, भ्रमण सचिव नीव जीवतानी, तुषार मोहनानी, क्लीननेस सचिव अदिति गुप्ता, हर्षिता लालवानी, एसेम्बली सचिव अंशिका दुबे, जानवी जेठानी, आर्यन बिसोतिया, क्रिती राठौर, लाईब्रेरी सचिव कुनाल लालवानी, सुमित मनवानी, विज्ञान सचिव सोनम बबलानी, गजेन्द्र विश्वकर्मा, ईको क्लब सचिव संदीप दांगी, गौरी छुगानी, यूथ क्लब सचिव चंचल त्यागी, आषका रामनानी, आर्ट सचिव केशव नागर, निधि शुक्ला, अंशिका विश्वकर्मा, इंग्लिश कम्यूनिकेशन सचिव निशा उतवानी, याशिका लालवानी ने पद की शपथ ली।

# भाजपा डेढ़ करोड़ नए सदस्य जोड़ेगी, तीन चरणों में चलेगा अभियान

## सांसद को 25 हजार, विधायक को 15 हजार का लक्ष्य





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब मप्र भाजपा ने डेढ़ करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर स्तर पर जनप्रतिनिधियों को सदस्य संख्या का लक्ष्य दिया गया है। सांसद को 25 हजार, विधायक को 15 हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर को 10 हजार, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य को पांच हजार लोगों को जोड़ना होगा। लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के पहले उन्हें पार्टी का गौरवशाली इतिहास बताया जाएगा। एक सितंबर से तीन चरणों में अभियान चलेगा। पहला चरण एक से 25 सितंबर, दूसरा एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर और इसके बाद 15 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा।

इस सिलसिले में गत दिवस लंबी बैठक भाजपा मुख्यालय में हुई। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा समेत संसदीय बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण जटिया, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक, दुर्गादास उइके, सावित्री ठाकुर, जार्ज कुरियन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय के अलावा सभी विधायक, सांसद, मोर्चा अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 11 ऐसी विधानसभा सीटें हैं, जहां आजादी के बाद से हम कभी नहीं जीते। ऐसे क्षेत्रों में संगठन मजबूत कर जीत हासिल करना है। सरकार अपना काम रही है, पर सामाजिक सरकारों के साथ भी हमें जुड़ना है। सदस्यता अभियान से हर जगह पहुंचना है। राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सदस्यता की प्रक्रिया का प्रेजेंटेशन देते हुए कहा कि कांग्रेस हर बात का नकारात्मक विरोध करती है, भ्रम फैलाती है। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस और 'आईएनडीआईए' के पास अपनी कोई नीति नहीं है। अभियान के प्रभारी और प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि 22, 23 और 24 अगस्त को जिलों की, 25, 26 और 27 अगस्त को मंडल स्तर की और 28 और 29 अगस्त को शक्ति केंद्र स्तर की सदस्यता कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

कॉलेज प्रवेश

# यूजी-पीजी के लिए अब 31 तक काउंसलिंग, ऑफलाइन आवेदन कर ले सकेंगे प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर (यूजी-पीजी) में प्रवेश की तारीख में बढ़ोत्तरी कर दी है। जिसके अनुसार, अब प्रदेश के महाविद्यालयों में यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए अब 31 अगस्त तक महाविद्यालय स्तर विशेष काउंसलिंग (सीएलसी) होगी। विद्यार्थी सीधे महाविद्यालय जाकर ऑफलाइन आवेदन कर रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकेगें। सीट उपलब्ध न होने की स्थिति में अन्य विषय अथवा अन्य महाविद्यालय में जहां सीट रिक्त हैं, वहां सीधे प्रवेश प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने उच्च शिक्षा विभाग को प्रदेश के महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (यूजी-पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश से वंचित रह गए विद्यार्थियों को एक और अवसर दिए जाने के संबंध में निर्देश दिए थे। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ. तुलसीराम दहायत ने बताया कि प्रदेश के स्नातक एवं स्नातकोत्तर (यूजी-पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी, 31 अगस्त तक महाविद्यालय स्तर विशेष काउंसलिंग में शामिल हो सकेंगे। डॉ. दहायत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीएलसी चतुर्थ चरण के लिए जारी की गई समय सारणी को निरस्त करते हुए, विशेष महाविद्यालय स्तर काउंसलिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी 31 अगस्त 2024 तक ही प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में प्रदेश के समस्त महाविद्यालय प्राचार्यों, अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्यों एवं क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## तृतीय सीएलसी चरण में आवंटित सीटों पर 24 अगस्त तक जमा कर सकेंगे शुल्क

स्नातक एवं स्नातकोत्तर (यूजी-पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तृतीय सीएलसी चरण में ऑनलाइन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क के भुगतान की तिथि बढ़ाई गई है। अब तृतीय सीएलसी चरण में ऑनलाइन प्रवेशित विद्यार्थी 24 अगस्त तक प्रवेश शुल्क जमा कर सकेंगे। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ तुलसीराम दहायत ने बताया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तृतीय सीएलसी चरण में ऑनलाइन प्रवेश के लिए, पूर्व में 10 अगस्त तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए जाने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित समय पर प्रवेश शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है। तृतीय सीएलसी चरण में विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवंटित महाविद्यालयों में प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त तक बढ़ाई गई है, ऐसे विद्यार्थी 24 अगस्त तक आवंटित महाविद्यालयों में प्रवेश शुल्क जमा कर सकेंगे।

# वन मंत्री की कूनो डीएफओ को फटकार, एक महीने में ही वापस लिया प्रभार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रामनिवास रावत जब से वन मंत्री बने हैं तब से विभाग में उठा पटक जा रही है। हाल में वन मंत्री ने कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर तिरुपुरल को फटकार लगाइए और उन्हें वहां से हटाने को लेकर मोर्चा खोल दिया है। हालांकि अब तक उन्हें सरकार ने हटाया नहीं है। इधर वन विभाग ने एक महीने में ही प्रधान मुख्यमंत्री संरक्षक शुभरंजन सेन से वन्यप्राणी विंग के चीप वाइल्डलाइफ वार्डन का प्रभार वापस ले लिया है। अब अंबाडे को प्रभारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी बनाया गया है। माना जा रहा है कि वन विभाग में अभी और भी कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

असल में उन्होंने नेशनल पार्क में चीते रखे जा रहे हैं जिनकी सुरक्षा पर केंद्र सरकार का वन मंत्रालय भी नजर रखे हुए हैं। साथ ही चीता देने वाले नामीबिया व अफ्रीका की नजर है यहां चिता प्रोजेक्ट के मुखिया उत्तम कुमार शर्मा है तो डीएफओ आर तिरुपुरल है जिनके भरोसे चीता की रक्षा की जिम्मेदारी है।

सूत्रों के मुताबिक वन मंत्री डीएफओ कूनो को पसंद नहीं कर रहे हैं इसलिए बदलवाना चाहते हैं लेकिन यह राज्य सरकार के बस की बात नहीं है जिस पर राज्य सरकार को सोचना पड़ रहा है क्योंकि मामला चीतों की सुरक्षा से जुड़ा है जिसमें कहीं ना कहीं केंद्र का सीधा हस्तक्षेप है। वन्यप्राणी विंग के मुखिया की जिम्मेदारी भी बड़ी होती है। खासकर चीता व बाघ सुरक्षा के लिए इस विंग को ध्यान देना होता है लेकिन हाल की घटनाक्रमों इस विंग की कमजोरी को सामने लाया है जिसमें उन्होंने नेशनल पार्क में एक के बाद एक दो शव को की हड्डी टूटना और उसमें से एक सावन की मौत होना समेत प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बाघों की मौत होना है।




## संपादकीय

# योजनाएं और जनगणना

देश में आर्थिक जनगणना की सुगबुगाहटें हैं। संभवतः अगले वर्ष की शुरूआत में यह काम सिरे चढ जाए। दरअसल,आर्थिक जनगणना एक अहम उपाय है जो देशभर के प्रतिष्ठानों के ढांचों का विस्तृत डेटा मुहैया कराता है। इसके आधार पर आर्थिक गतिविधियों, स्वामित्व और श्रम शक्ति संबद्धता को लेकर ब्योरा हासिल होता है। यही आंकड़ा राज्य और जिला स्तर पर साामजिक आर्थिक नियोजन के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। सबसे ताजा आंकड़े छठी जनगणना के हैं जो 2013 में हुई थी। इसके नतीजे 2016 में प्रकाशित किए गए। सातवीं आर्थिक जनगणना 2019 में हुई थी लेकिन उस दौरान कई बाधाएं आईं। आरंभ में प्रक्रिया कोविड-19 महामारी से बाधित हुई थी और उसके बाद संग्रहित आंकड़ों की गुणवत्ता को लेकर तमाम चिंताएं उत्पन्न हो गईं। सातवीं गणना के आंकड़ों का जारी होना जरूरी है ताकि सार्थक तुलना और विश्लेषण किया जा सके। आंकड़ों की गुणवत्ता और पुराने अनुभवों से सीखे गए सबक की बात करें तो इसके लिए पारदर्शिता आवश्यक है। इससे न केवल कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी बल्कि सांख्यिकीय प्रक्रिया में विश्वास बहाल होगा। सरकार नैशनल सैंपल सर्वे के 80वें दौर को अंजाम देने पर विचार कर रही है जिसमें स्वास्थ्य, घरेलू यात्रा और पर्यटन संबंधी व्यय आदि शामिल होंगे। सेवा क्षेत्र का एक व्यापक सर्वेक्षण भी उसके तत्काल बाद कराया जा सकता है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर डेटा संग्रह के प्रयासों का दायरा बड़ेगा। उदाहरण के तौर पर परिवार खपत व्यय सर्वे के आंकड़े 2011 के बाद पहली बार जारी किए गए बहरहाल, सरकार की हालिया चर्चाओं और उसकी प्रतिबद्धता के बावजूद इन प्रयासों का असर तब तक सीमित रहेगा जब तक कि दशकीय जनगणना जो 2021 में होनी थी, को अंजाम नहीं दिया जाता। वर्ष 1881 के बाद पहली बार जनगणना को टाला गया है और अभी भी यह स्पष्ट जानकारी नहीं है कि इसे कब कराया जाएगा जबकि जनगणना को लेकर कई बार मांग उठ चुकी हैं। यह सियासी बहस का भी विषय लंबे समय से बना हुआ है। इससे आगे बढकर सियासी दल जातिगत जनगणना भी कराने की मांग पर अड़े हैं। अभी सरकार की नीतियां पुराने जनसंख्या के आंकडे के मुताबिक ही बन रही हैं तथा लागू भी की जा रही हैं। लेकिन इस लंबी अवधि में जनसंख्या में बदलाव निश्चित तौर पर हुआ हैं, ऐसे में यह अचूक नीतियों और योजनाओं पर भी संशय पैदा करता है। जनगणना समूची सांख्यिकीय प्रणाली का आधार है। वह जो आधार प्रदान करती है उसी पर नमूना सर्वेक्षणों और नीतिगत निर्णयों के सटीक और विश्वसनीय होने का दारोमदार होता है। ऐसे में जहां सरकार के सांख्यिकीय ढांचे को बेहतर बनाने के प्रयास सही दिशा में हैं, वहीं इनका समय पर क्रियान्वयन भी आवश्यक है। यह महत्त्वपूर्ण है कि नीति निर्माता तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था में समय पर और सटीक आंकड़ों की मदद से नीतिगत हस्तक्षेप को प्रभावी बना सकें दरअसल , जनगणना समूची सांख्यिकीय प्रणाली का आधार है। वह जो आधार प्रदान करती है उसी पर नमूना सर्वेक्षणों और नीतिगत निर्णयों के सटीक और विश्वसनीय होने का दारोमदार होता है। बिना ताजा जनगणना के आंकड़ों के इनमें से कुछ सर्वे की सत्यता और नीतिगत निर्णयों का प्रभाव सीमित हो सकता है। ऐसे में जहां सरकार के सांख्यिकीय ढांचे को बेहतर बनाने के प्रयास सही दिशा में हैं, वहीं इनका समय पर क्रियान्वयन भी आवश्यक है। यह महत्त्वपूर्ण है कि नीति निर्माता तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था में समय पर और सटीक आंकड़ों की मदद से नीतिगत हस्तक्षेप को प्रभावी बना सकें।

> निंदा का उद्गम ही हीनता और कमज़ोरी से होता है।
> – हरिशंकर परसाई

## आज का इतिहास

- 1138 अंग्रेजी सेनाओं ने यॉर्कशायर के नॉर्थहेलर्टन के पास स्टेस्टीवल की लड़ाई में एक स्कॉटिश सेना को खदेड़ दिया।
- 1485 रिचमंड के अर्ल हेनरी ट्यूडर के तहत लैंसस्ट्रियन बलों ने, बोसवर्थ फील्ड की लड़ाई में इंग्लैंड के रिचर्ड के तहत यॉर्किस्ट बलों को हराया, निर्णायक रूप से रोजेस के युद्धों को समाप्त किया।
- 1642 इंग्लैंड के राजा चार्ल्स प्रथम ने नॉटिंघम में शाही मानक कायम किया, जिसमें प्रथम अंग्रेजी नागरिक युद्ध की शुरुआत हुई।
- 1707 स्वीडन और प्रशिया ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किया।
- 1711 रानी ऐनी के युद्ध-ए ब्रिटिश ने क्यूबेक पर हमला करने का प्रयास किया, जिसमें सेंट लॉरेंस नदी पर आठ जहाज बर्बाद हो गए।
- 1717 स्पेनिश सैनिकों ने सर्दीनिया पर उतारा गया।
- 1762 एन. फ्रेंकलिन अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई,मर्करी की पहली महिला संपादक बनी।
- 1775 किंग जॉर्ज ने खुले विद्रोह में शामिल होने के लिए कॉलोनियों की घोषणा की।
- 1791 हाईटियन क्रांति की शुरुआत करते हुए, सेंट-डोमिंग्यू के फ्रांसीसी उपनिवेश में एक गुलाम विद्रोह हुआ।
- 1795 राष्ट्रीय संविधान द्वारा वर्ष के संविधान की पुष्टि की गई।
- 1798 आयरिश विद्रोह की सहायता के लिए फ्रांसीसी सैनिकों काउंटी मायो में किल्कमुमिन में स्थित किया गया।
- 1817 ब्राजील के अररकारा शहर की खोज हुई।

## निशाना

### आग ना लगाओ !



- कृष्णेन्द्र राय

व्यर्थ की इन बातों को ।  
मुद्दा ना बनाओ ।।  
और भी हैं मुद्दे ।  
उनको राह दिखाओ ।।  
शांति और खुशहाली में ।  
आग ना लगाओ ।।  
क्या सही क्या ग़लत ।  
जन जन तक पहुंचाओ ।।  
तूल देने से बचो ।  
बातें व्यर्थ वालीं ।।  
बन रहा है कब से ।  
पुलाव बस ख़याली ।।  
हवा हवाई से केवल ।  
है होता नुकसान ।।  
देर हो रही होने में ।  
पुनः विराजमान ।।

# महिलाओं के लिए क्या है 'स्वतंत्रता' का अर्थ आखिर उनको कब मिलेगी डर से आजादी

■ पत्रलेखा चटर्जी



हमारे पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन हमें उन मुद्दों पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, जो पीछे ले जा रहे हैं। जब लाखों भारतीय महिलाएं भय से मुक्ति का आनंद नहीं ले पाती हैं, जब वे अपने रोजमर्रा के जीवन में असुरक्षित महसूस करती हैं, तो उनके लिए 'स्वतंत्रता' शब्द का क्या अर्थ है? सुरक्षा हर इन्सान का मौलिक अधिकार है-चाहे वह पुरुष हो या महिला। किसी भी महिला को सुरक्षा और आकांक्षाओं में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में, जहां मैं अभी हूं, मुझे अपने विशेषाधिकार का एहसास होता है। मैं बिना किसी डर के अकेले सड़कों पर चलती हूं, देर रात सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करती हूं। मैं थाई नहीं बोलती, लेकिन जब भी मैं बाहर जाती हूं, तो पीछे मुड़कर नहीं देखती हूं कि कौन मेरा पीछा कर रहा है, चाहे मैं अकेले होऊं या देर रात हो। इसकी कोई जरूरत नहीं है। इस शहर में एक संपन्न सड़क अर्थव्यवस्था है; सड़कों पर कई अकेली महिलाएं विभिन्न तरह के उत्पाद बेचती हैं, जो देर रात तक काम करती हैं। वे अकेले सड़क पर चलने से नहीं डरतीं। यह एक आदर्श स्थिति है और दुनिया के हर शहर में ऐसा ही होना चाहिए।

कोलकाता, जहां मेरा जन्म हुआ और जहां मैं पली-बढ़ी, इन दिनों आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक 31 वर्षीय पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल छात्रा के साथ बीते नौ अगस्त को हुए भयानक दुष्कर्म और हत्या की वजह से सुर्खियों में है। इस घटना ने कोलकाता शहर और पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। देश भर में डॉक्टरों, मेडिकल छात्रों और नागरिक समाज द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ है। चिकित्सा बिरादरी, विशेष रूप से महिला डॉक्टरों का कहना है कि उनकी लड़ाई सुरक्षा के खतरों, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे, अपर्याप्त सुरक्षा और महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले वरिष्ठों के खिलाफ है। दुष्कर्म का शिकार हुई मेडिकल छात्रा (जूनियर डॉक्टर) ने लगातार 36 घंटे की पाली में काम किया था और वह थोड़ा आराम करना चाहती थी। लेकिन वहां इसके लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं थी। इसलिए वह खाली पड़े सेमिनार हॉल में जाकर सो गई। उसके बाद जो हुआ, वह एक भयावह कहानी है, जिसके बारे में हाल में अखबारों के पहले पन्ने पर छपा है। इस घटना के बारे में बहुत से तथ्य ऐसे हैं, जिनके बारे में हम नहीं जानते। लेकिन हम जो जानते हैं, वह जवाबदेही की भारी कमी की ओर इशारा करता है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल के कामकाज को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिन्होंने विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दे दिया है, लेकिन वह अब भी जवाबदेह हैं। स्थानीय पुलिस और राज्य सरकार से भी जायज सवाल पूछे जा रहे हैं।

दुष्कर्म और हत्या के विवरण ऐसे कई मुद्दों को उजागर करते हैं, जिन पर तत्काल प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, न कि त्वरित समाधान की। इनमें से कई मुद्दे चिकित्सा समुदाय से जुड़े हैं। ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टरों के आराम के लिए सुरक्षित जगह की कमी, जो इस घटना का मूल कारण है, केवल कोलकाता या पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। केंद्र संचालित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 2001 में काम कर चुकी एक महिला डॉक्टर ने बताया, दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में कोई ड्यूटी रूम नहीं था। हम सीसीयू (कार्डियक केयर यूनिट) में दो कुर्सियों पर सोते थे। ऐसे कई अन्य प्रश्न हैं, जो आम भारतीय महिलाओं के दैनिक जीवन में सुरक्षा को प्रभावित करते हैं, चाहे वे कुछ भी कर रही हों या कहीं भी हों। कोलकाता और उसके उपनगरों में हजारों लोगों ने 'रिक्लेम द नाइट' मार्च में हिस्सा लिया और स्वतंत्रता और बिना किसी डर के जीने की आजादी की मांग की। यह एक बुनियादी जरूरत है। हजारों लोगों ने सरकारी अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की निंदा की और महिलाओं की बेहतर सुरक्षा के लिए प्रदर्शन किया। आखिर महिलाओं को सुरक्षा मांगने की जरूरत क्यों पड़ती है? भारतीय संविधान, खासकर अनुच्छेद 14 और 21 महिलाओं को भी मौलिक और समान अधिकारों की गारंटी देता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है।

शर्मनाक बात यह है कि देश में ज्यादातर जगहों पर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। जब सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा की बात आती है, तो कोई भी राजनीतिक दल इस मामले पर कुछ नहीं बोलता। बहुत-सी महिलाएं तो अपने घर की चाहरदिवारी में भी सुरक्षित नहीं हैं। लाखों भारतीय महिलाओं को अब भी चुप रहने के लिए कहा जाता है और पीड़िता को ही दोषी ठहराया जाता है, जिससे यौन शोषण की शिकार बची हुई महिलाओं के लिए कानूनी और सामाजिक सहायता प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। कोलकाता में हुई दुष्कर्म की घटना 2012 में दिल्ली में 23 वर्षीय छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या से मिलती-जुलती है, जिसके बाद पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए थे और भारत में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठे थे। बलात्कारियों और हत्यारों को मौत की सजा देने के प्रावधान से भी महिलाओं को कोई राहत नहीं मिली है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने अकेले 2022 में 31,516 दुष्कर्म के मामले दर्ज किए। राजस्थान में सबसे ज्यादा 5,399 मामले दर्ज किए गए, उसके बाद उत्तर प्रदेश (3,690) और मध्य प्रदेश (3,029) का स्थान रहा। ये सिर्फ दर्ज मामले हैं, वास्तविक आंकड़े तो कहीं ज्यादा होंगे। अब एक बार फिर दोषियों को मौत की सजा देने की बात हो रही है। लेकिन इससे महिलाएं सुरक्षित नहीं होंगी। जरूरत है, पारदर्शिता और जवाबदेही की। भारत में महिलाओं को हमेशा सतर्क रहने की आदत हो गई है। इसका महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और उनकी आकांक्षाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। राजनीतिक दलों को संकीर्णता से ऊपर उठकर इसे राष्ट्रीय मुद्दा मानना चाहिए। यानी राजनीतिक दलों को कुछ बलात्कारियों को बचाने और अन्य के खिलाफ मुखर होने की प्रवृत्ति नहीं अपनानी चाहिए। जनता उनके पाखंड को देख रही है।

भारत अगले तीन वर्षों में 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। एक कामकाजी महिला और एक मां होने के नाते मेरी राजनेताओं और प्रशासकों से अनुरोध है कि वे सबसे पहले महिलाओं को सुरक्षा दें। जब महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी, तभी देश तरक्की करेगा।

**– साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# दार्शनिक महारानी अहिल्याबाई होल्कर का सुशासन

■ शिवप्रकाश



पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की संपूर्ण देश 300वीं जन्म-जयंती मना रहा है। अनेक सामाजिक संस्थाएं एवं महिला संगठन उनके जयंती वर्ष में उनके अलग-अलग गुणों को प्रकट करने वाले कार्यक्रम एवं गोष्ठियों का आयोजन कर रहे हैं । अनेक सरकारें भी महारानी अहिल्याबाई के सुशासन, नगरीय विकास, रोजगारपरक उद्योग नीति जैसे विषयों पर संवाद आयोजित कर रही हैं। महारानी का जीवन एवं शासन शैली संवेदनशील, सादगी, सहजता, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थीं। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें 'दार्शनिक रानी' की उपाधि दी । अहिल्याबाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीलाबाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्मस्थान चौंडी (अहमदनगर, महाराष्ट्र) था, जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया । युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा । अपने जीवन काल में उन्होंने श्वसुर मल्हार राव होल्कर, नवासे ( पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते- सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़कर चली गई। पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजावत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। अपनी धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की । उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह माँ नर्मदा की सेवा एवं आराधना कर सकें । माँ नर्मदा के किनारे उनका महल एक सर्वस्व त्यागी सन्यासिनी का महल था । जिसमें उन्होंने अपनी आयु के 28 वर्ष व्यतीत किए थे।



देश की सरकारें वर्तमान समय में अपनी आर्थिक नीतियों के केंद्र में समाज के जिस पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं लघु उद्योग केंद्रित नीतियों का विचार करती हैं, आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस दूरदृष्टि का परिचय देते हुए 1745 में एक राजज्ञा द्वारा बुनकर, सुतार, कारीगरों से महेश्वर में निवास करने का आग्रह किया । आर्थिक विकास की दिशा में उनके द्वारा की गई अनेक पहल में से एक महेश्वर में निर्मित साड़ी आज भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है , जिसे महेश्वरी साड़ी के नाम से जाना जाता है । इस उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए वह स्वयं भी वहाँ निर्मित वस्त्र पहनती थी एवं देश- विदेश से आने वाले महानुभावों को भेंट स्वरूप इन्हीं वस्त्रों को प्रदान भी करती थीं । प्राकृतिक आपदा में किसानों का सहयोग, सेना के आवागमन से होने वाली फसलों की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था भी उन्होंने की थी । आत्मनिर्भरता के साथ-साथ शिक्षा का केंद्र महेश्वर बने इसके लिए विद्वानों, धर्माचार्यों को बुलाकर संस्कृत पाठशाला प्रारंभ करने का कार्य भी उनके द्वारा हुआ। मल्हारराव के युद्ध अभियानों पर जाने के उपरांत महारानी अहिल्याबाई राज्य का संचालन भी कुशलता के साथ करती थीं। पत्राचार के माध्यम से मल्हार राव को अपने राज्य के समाचार भेजना एवं प्रत्युत्तर में राज्य संचालन के लिए सुझाव लेना यह उनकी नियमित प्रक्रिया थी । सेवा एवं रसद सामग्री का प्रबंध, कर वसूली आदि की व्यवस्था बड़ी निपुणता के साथ उन्होंने की थी। महारानी स्त्री होने के बाद भी न केवल राज्य संचालन में निपुण बल्कि एक कुशल योद्धा भी थीं। बचपन में ही सैन्य शिक्षा, घुड़सवारी, शस्त्र संचालन उन्होंने सीखा था । राघोवा के आक्रमण के समय अपने राज्य की रक्षा के लिए कूटनीति का परिचय देते हुए उन्होंने पुराने संबंधों के आधार पर सिंधिया, भोंसले, गायकवाड आदि का सहयोग माँगा । राघोवा को उचित दंड देने के लिए 500 महिलाओं की सैन्य टुकड़ी को प्रशिक्षित भी किया । राघोवा को उनके द्वारा लिखा पत्र आज भी उनकी कूटनीतिक दूरदर्शिता को प्रकट करता है, जिसमें उन्होंने लिखा कि ÷आप मुझे अबला समझकर राज्य हड़पने के लिए यहां आए हैं लेकिन मेरी शक्ति आपको युद्ध क्षेत्र में ज्ञात होगी । मैं महिला सेना के साथ आपका मुकाबला करूंगी । यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तब मेरी हंसी और आपकी प्रशंसा कोई नहीं करेगा और यदि आप युद्ध में हार गए तो आप कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे ।÷ केवल राघोवा ही नहीं अपने राज्य की सीमाओं पर राजस्थान की ओर से मिलने वाली चुनौती का भी उन्होंने साहस के साथ सामना कर शत्रु को कुचलने का कार्य किया । सेना का संचालन, सैनिकों की चिकित्सा आदि भी उन्होंने कुशलता के साथ की । नाना फड़नवीस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा था कि ÷अब तक देवी अहिल्याबाई की धार्मिकता की प्रशंसा तो हम सुनते आए हैं मगर हम नहीं जानते थे कि वह बहादुर भी हैं अपने शत्रुओं के दांत खट्टे कर सकती हैं।÷ महारानी अहिल्याबाई का शासन कठोर एवं न्यायप्रिय शासन था । उन्होंने जाति-पाति, ऊँच - नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर चोरों के भय से जनता को मुक्ति प्रदान करने वाले नौजवान से अपनी पुत्री का विवाह किया । गरीब एवं कमजोर लोगों की सेवा में वह हमेशा तत्पर रहती थी। पति की मृत्यु के पश्चात् पति की संपत्ति पर पूर्ण अधिकार की व्यवस्था एवं स्त्री को दत्तक लेने का अधिकार देना यह उनके महिला सशक्तिकरण के उदाहरण हैं । उनके राज्य में रहने वाले भीलों (जनजाति) को अपराध मुक्त करने के लिए कृषि के औजार उपलब्ध कराकर सशक्त करने का कार्य उन्होंने किया। अपराध करने पर कठोर दंड एवं समस्याओं का त्वरित समाधान यह उनके शासन की विशेषता थी । पक्षपात रहित सभी को समान न्याय उनके शासन में था । इसके लिए अपने सेनापति के पुत्र को भी अपराध करने पर उन्होंने जेल में डलवा दिया था। प्रजा को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय एवं न्यायाधीशों की नियुक्ति उन्होंने की थी। अपने राज्य कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील एवं आत्मीयतापूर्ण व्यवहार, युद्ध में वीरगति पाने वाले सैनिक परिवारों के कल्याण की व्यवस्था को राज्य कोष से करने का प्रबंध उन्होंने किया था। अपने प्रति कठोर जीवन जीते हुए, प्रजा का पुत्र की तरह पालन, लोक कल्याण की योजनाएं एवं न्यायप्रियता के कारण उनको लोकमाता की उपाधि मिली । राज्य संचालन में अनेक गुण होने के बाद भी उनका शासन मूलतः धर्म अधिष्ठित शासन था । जहां उनके व्यक्तिगत जीवन में सेवा, त्याग - तपस्या एवं दान का महत्व था वहीं उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार, उनकी स्थायी आर्थिक व्यवस्था, यात्रियों के लिए विश्राम स्थल एवं अन्न क्षेत्र स्थापित कराए। अपना राज्य भगवान शिव को समर्पित कर वह उनके प्रतिनिधि के रूप में शासन चलातीं थी। हिमालय में स्थित भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ , दक्षिण में रामेश्वरम, पश्चिम में द्वारिका से लेकर पूर्व में जगन्नाथ पुरी तक उनके द्वारा चलाएं सेवा कार्य आज भी प्रसिद्ध है । तीर्थ स्थानों पर गंगाजल भिजवाने की व्यवस्था देश को एक सूत्र में बांधती दिखाई देती है । काशी विश्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार सहित देश के लगभग समस्त तीर्थक्षेत्रों के विकास, हरिद्वार के गंगा घाटों सहित देश भर की नदियों के किनारे सैकड़ो स्थानों पर उन्होंने पक्के घाटों का निर्माण कराकर तीर्थ यात्रियों के लिए उचित स्नान की व्यवस्था करायी। समस्त अगणित धार्मिक कार्य वह अपने भाग में प्राप्त संपत्ति के द्वारा कराती थी । वह दीन- दुखी, गरीबों के लिए समर्पित निष्ठावान कर्मयोगी थी। दक्षिण के प्रसिद्ध इतिहासकार रायबहादुर चिंतामणि विनायक वैद्य ने महारानी के संदर्भ में लिखा है कि वह लोकोत्तर स्त्री अपने अनेक गुणों के कारण महाराष्ट्र के लिए ही नहीं वरन् समूची मानवजाति के लिए भूषण रूप हुई है । इंदौर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने उद्बोधन में कहा था कि ÷मैं देवी अहिल्याबाई को भी नमन करता हूं उनका पुण्य स्मरण करता हूं। देवी अहिल्याबाई ने शासन संचालन में छोटी-छोटी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी, उनके जीवन का एक-एक अध्याय इतना प्रेरक होता है कि आने वाली पीढ़ियों को उनसे सीख मिलती रहेगी । लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300 वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए विश्व कल्याण करने का संकल्प लें । महारानी अहिल्याबाई होल्कर को उनकी 300वीं जन्म-जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

**लेखक- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं**



# फिल्मी दुनिया में कामयाबी पाने का कोई शार्टकट नहीं, मेहनत से ही मिलता है काम: राहुल चेलानी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



फिल्म इंडस्ट्री में गॉड फादर को होना बहुत जरुरी है मगर यह भी उतना ही सच है कि कोई भी गॉड फादर आपको केवल फिल्म इंडस्ट्री में प्रोड्यूसर-डायरेक्टर के दरवाजे तक ही छोड़ेगा। इंडस्ट्री में आपकी जगह आपका काम ही तय करेगा। इस मामले में मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि कोई गॉड फादर नहीं होने के बावजूद मैंने इंडस्ट्री में काम हासिल करने में सफलता पाई है। अभी जितने भी किरदार किए हैं उनसे मुझे बहुत पहचान मिली है।यह कहना है फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अभिनय कला का जादू बिखेर रहे शहर के लाल राहुल चेलानी का, वे स्त्री-2 फिल्म में भी परदे पर दिख रहे हैं जिसमें उन्होंने करीब 4 मिनट का अभिनय किया है। उन्होंने इस फिल्म सहित इंडस्ट्री से जुड़े अन्य विषयों पर पत्रकारों से खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनकी एक फिल्म है जो किसी से कारण से अभी रुकी है, इस फिल्म में वे विकास दुबे की बॉयोपिक पर काम कर रहे हैं जिसमें वे सेकंड लीड रोल में दिखेंगे। हमें अपने काम पर पूरा भरोसा है कि आज नहीं तो कल हम लीड रोल में भी काम करते नजर आएंगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर चर्चा में उन्होंने कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म अभिनय के क्षेत्र में नए आने वाले कलाकारों के लिए बहुत बड़ा प्लेटफार्म है इस पर उन्हें अपनी अभिनय क्षमता दिखाने का मौका तो मिलता ही है वहीं उन्हें एक पहचान भी मिलती है। कोरोना काल में ओटीटी प्लेटफॉर्म का बहुत तेजी से दर्शक बढ़ा था मगर अब इसमें थोड़ी सी कमी दिख रही है। अब दर्शक फिर से सिनेमा घरों की तरफ लौट रहे हैं। अभिनेता राहुल चेलानी ने बताया कि वर्ष 2006 में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल जी ने एक ऑडीशन कराया था उसमें उन्होंने हिस्सा लिया था। वहां से मिली सफलता ने उनके लिए परदे पर दिखने का रास्ता खोला था। इस अवसर पर सिंधी समाज के वरिष्ठ सदस्य धर्मदास मिहानी, अनिल मिहानी भी मौजूद थे।

# 'सड़कों से गोवंश को हटाने के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं'

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों से निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर से गोवंश को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाना सुनिश्चित करें। सड़कों पर गौवंश के विचरण को रोकने के लिए अपने अपने जिलों में संचालित क्रियाशील एवं अक्रियाशील गौशालाओं की समीक्षा करें एवं उनमें पशुओं को स्थानांतरित करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन श्रीमती वीरा राणा द्वारा समस्त कलेक्टरों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए। श्रीमती राणा ने समस्त कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि मध्य प्रदेश शासन इस विषय को लेकर बहुत गंभीर है इसीलिए समस्त कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे तथा अन्य मार्गों पर आवारा मवेशी ना पाए जाएं इस दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा है कि सभी जिलों में स्थानीय स्तर पर एन जी ओ आदि अन्य समाजसेवी संस्थाओं के साथ समन्वय कर पशुओं को हाईवे से हटा कर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करें। इसी के साथ जिन स्थानों पर एवं गौशालाओं में गोवंश को स्थानांतरित किया जा रहा है उन स्थानों पर पशुओं के भोजन, साफ सफाई, पानी आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर एवं अन्य जिला अधिकारी इस संबंध में भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। श्रीमती राणा ने निर्देश दिए है कि दुर्घटनावश यदि किसी गौवंश की मृत्यु हो जाती है तो उसके लिए भी व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया है कि टोल नाकों पर भी इमरजेंसी नंबर उपलब्ध करवाई जिस की आवश्यकता पड़ने पर गोवंश को स्थानांतरित करने के लिए संबंधित जिले एवं अधिकारी को सूचित किया जा सके।



मुख्य सचिव श्रीमती राणा ने राजस्व महा अभियान 2.0 की भी समीक्षा की। उन्होंने अभियान से संबंधित नक्शा तरमीम, नक्शा बटांकन, ई केवाईसी, नामांतरण आदि के प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने जिन जिलों में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किए गए हैं उन जिलों में आगामी दिवसों में विशेष अभियान चला कर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्य करने के निर्देश संबंधित कलेक्टर्स को दिए। श्रीमती राणा ने निर्देशित किया है कि समस्त जिलों में फसलों में होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं।

### निर्माण कार्य एवं योजनाओं की जानकारी न देने के आरोप, सगे भाई से कराई जा रही पंचायत में सप्लाई

# सरपंच की मनमानी से उपसरपंच-पंच नाराज, ग्रामसभा की बैठक में हंगामा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



आदिवासी विकासखंड में ग्राम पंचायतों के विकास एवं निर्माण कार्यों में आने वाली करोड़ों रुपयों की राशि में जमकर गोलमाल किया जा रहा है। पंचायतों में सरपंच-सचिव मनमाने काम करा रहे हैं, कागजों में बिल लगाकर भुगतान लिए जा रहे हैं, इससे पंचायतों का विकास कार्य पिछड़ रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद आज भी पंचायतों में सड़क, नाली, बिजली, पेयजल जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। शुक्रवार को ग्राम पंचायत भड़गदा में ग्रामसभा की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत के उपसरपंच एवं कई पंचों ने सरपंच की मनमानी पर नाराजगी जताते हुए फर्जीवाड़े की जांच एवं किए गए निर्माण कार्य एवं भुगतान का ब्यौरा मांगा। सचिव कमल परते ने कहा मुझे यहां का चार्ज लिए तीन माह ही हुए हैं, जो भी शिकायतें आई हैं उनका निराकरण करेंगे। कैशबुक दिखाने के सवाल पर उपसरपंच नीलेश यादव से कहा कि आपको इसका अधिकार नहीं है, जिला पंचायत से इसके लिए पत्र लेकर आएं तब दिखाया जाएगा।

उपसरपंच नीलेश यादव ने बताया कि गांव में सरपंच पंचों की बात नहीं सुनता है। गांव में कृषि विभाग द्वारा कराए गए वाटरशेड योजना के काम घटिया काम कराए गए। जो किसान नहीं है, उससे रुपये लेकर उसे अध्यक्ष बनाया गया है। सरपंच का सगा भाई पूरी पंचायत चला रहा है, उसके नाम से ही लाखों रुपये के बिल निकाले जा रहे हैं। वाटरशेड योजना में किसी से बात नहीं की जा रही है, पंचायत भवन में ऐसी कोई बैठक नहीं हुई। 20 पंचों से आज तक बात नहीं की गई। सीएससी सेंटर में आज तक जनप्रतिनिधियों से बात नहीं की गई। योजना में 10-15 तालाब, रैसलपाठा, बंदी, पीपलपुरा समेत अन्य गांवों में जलस्तर बढ़ाने के लिए बोरवेल एवं अन्य काम हुए हैं, लेकिन सूचना बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। इस योजना में सरपंच और योजना अधिकारियों की मिलीभगत से काम हो रहा है। पंचायत में लगाए गए फर्जी बिलों के भुगतान की जांच होना चाहिए। बैठक में सरपंच-सचिव से पारित प्रस्तावों एवं भुगतान की जानकारी मांगते हैं तो नियमों का हवाला दिया जाता है। हम इस मामले की जांच के लिए पत्र लिखेंगे। कई महिला पंचों ने कहा कि गांव में विकास कार्य मनमाने ढंग से कराए जा रहे हैं, इससे ग्रामीण परेशान हैं। दो साल से आंगनबाड़ी का भवन बनाया जा रहा है, इसमें काफी रुपये खर्च हो चुके, लेकिन आज तक भवन पूरा तैयार नहीं हो सका। पंचों ने बैठक में कहा कि पंचायत में फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं, गांव में कहीं भी सफाई नहीं हुई, लेकिन बिल लगाकर बताया गया कि सफाई कराई गई है।

बैठक में सचिव ने प्रस्ताव पढ़कर सुनाए। बताया गया कि वित्त आयोग की राशि पर प्रस्ताव लेने, गांव में स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति, डिजीटल भुगतान, पौधारोपण, वन सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने, दस्तक एवं इंद्रधनुष अभियान के संचालन पर चर्चा हुई है। सचिव ने बताया कि गांव में नल-जल योजना पंचायत के हैंडओवर नहीं हुई है, जब तक एक-एक घर में पानी नहीं आएगा, तब तक इसे हैंडओवर नहीं किया जाएगा। पंचों ने कहा कि योजना में जो सड़क नाली खोदी गई हैं, उनका रखरखाव ठेकेदार से क्यों नहीं कराया जा रहा है। पंचों ने कहा कि सरपंच का भाई ही अपने नाम से बिल लगाता है, जो मटेरियल खरीदा नहीं गया, जिसकी आपूर्ति नहीं हुई उसके बिल भी लगाए जाते हैं। पंचायत में बड़े स्तर पर घटिया काम हुए हैं, जिनकी जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से बात की जाएगी।

### मेरी तबियत ठीक नहीं

पंचायत में हितग्राहियों को सारी जानकारी है, मैं अभी कुछ नहीं बता सकता, मेरी तबियत खराब है। एजेंसी पंचायत है इसलिए भुगतान किए जा रहे हैं। सगे भाई के नाम पर बिल लगाकर भुगतान के सवाल पर वे बंगले झांकने लगे।

### अमरनाथ कलमे, सरपंच ग्राम पंचायत भरगदा

जांच होना चाहिए सभा में हर बार मनमानी होती है। सरपंच और सचिव पंचों को कोई जानकारी नहीं देते हैं। शुक्रवार की बैठक में शिकायतें उठाने के बावजूद रस्म अदायगी कर बैठक खत्म कर दी गई है। सरपंच की मनमानी से पूरा गांव परेशान है।

**नीलेश यादव,** उपसरपंच भड़गदा।

### नर्मदा कॉलेज में अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया

# सोलर एनर्जी पर जागरूकता कार्यक्रम और व्याख्यान आयोजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया। सरस्वती पूजन के पश्चात प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने अक्षय ऊर्जा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत मात्रा में अद्भुत सामग्री दी है परंतु हम उनका पूरी तरह से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, अतः यह धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है ।ऊर्जा का क्षय ना करके यदि हम उसे उचित रूप से भंडारण करें तो हम आने वाले समय में कई विषम परिस्थितियों का सामना आसानी से कर सकेंगे। डॉ महेश मानकर ने कहा कि हम सभी सुख साधनों का प्रयोग करने में ऊर्जा के कई स्त्रोतों का प्रयोग करते हैं, लेकिन उन स्त्रोतों का संरक्षण नहीं कर पाते हैं। विशिष्ट वक्ता डॉ बी एस आर्य ने बताया कि



ऊर्जा के प्रभाव को जाना जा सकता है किंतु उसे देखा नहीं जा सकता। अक्षय अर्थात जिसका क्षय ना हो । हमारे वातावरण में ओजोन लेयर की डेंसिटी कम होती जा रही है और इसकी अल्ट्रावायलेट किरणें हमारे वातावरण को दूषित करती रहेंगी। मुख्य अतिथि अमन द्विवेदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी का सबसे अच्छा स्त्रोत सोलर एलर्जी है, जिसे हर व्यक्ति अपने घर में बना सकते हैं । इसके लिए सरकार 78 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। सोलर एनर्जी का उत्पादन कर मेक्सिको ने कान्क्लेव एनर्जी टेक्नोलॉजी डेवलप की है, जिससे सोलर प्लांट का निर्माण किया जा सकता है। इसी के चलते मध्य प्रदेश सरकार फ्लोटिंग सोलर प्लांट प्रारंभ करने जा रही है और सबसे अधिक अच्छी बात तो यह है कि इसमें अधिक स्थान की आवश्यकता भी नहीं होती । कार्यक्रम का सुसंचालन डॉ दिनेश श्रीवास्तव ने किया। डॉ रुपा भावसार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।डॉ एस सी हर्णे, डॉ के जी मिश्र, डॉ हंसा व्यास, डॉ ममता गर्ग, डॉ सविता गुप्ता, डॉ आलोक मित्रा , डॉ सुधीर दिक्षित ,डॉ आर एस दीवान डॉ केशव मिश्रा, प्रो रैकवार, डॉ योगेंद्र डॉ नीता वर्मा, डॉ उमेश सेन, श्रीमती मंजुला भूमरकर, डॉ मनीष परिहार, एवं छात्र जुगल किशोर आदि उपस्थित थी।

# स्कूल वाहनों पर आरटीओ की पैनी नजर, 35 बसों की जांच में 18 हजार रुपए का काटा चालान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के सभी स्कूलों में संचालित स्कूल वाहनों की जांच की जा रही है, तथा कमियों को नोट करने के साथ ही चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 35 बसों की जांच में कुल चालान 18 हजार रुपये काटा गया तथा स्कूल संचालकों को अपने स्कूल वाहनों पर ध्यान देने और कमियों को पूरा करने के लिए हिदायत दी जा रही है। जांच दल द्वारा स्कूल बसों के अलावा छोटे स्कूल वाहन मैजिक, ऑटो आदि को भी सख्ती के साथ जांचा जा रहा है। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि आरटीओ जांच दल द्वारा जिले के समस्त स्कूलों में जांच टीम के द्वारा लगातार पहुंच कर बसों तथा छोटे वाहनों की जांच की जा रही है तथा कमी पाए जाने पर सख्ती के साथ कमियों को पूरा करवाया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### आज के संदर्भ में प्रासंगिक जनगीत प्रस्तुत किया गया

# कुसुम महाविद्यालय में परसाई जी के जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



शास. कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में परसाई जी को नमन और स्मरण करते हुए उनके जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के यादव द्वारा मां वीणा पाणि का पूजन, अर्चन एवं परसाई जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित सभी वरिष्ठ प्राध्यापक गणों ने भी मां वीणा पाणी का पूजन,अर्चन किया एवं परसाई जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के यादव ने मुख्य स्त्रोत वक्ता राजेंद्र शर्मा वरिष्ठ कवि, पूर्व संपादक वसुधा और पूर्व अध्यक्ष, म प्र प्रगतिशील लेखक संघ का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार द्वारा किया। इसी क्रम में स्त्रोत वक्ता सत्यम सत्येंद्र पाण्डे कवि, सामाजिक कार्यकर्ता सचिव, म प्र प्रगतिशील लेखक संघ का स्वागत प्राचार्य के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमाला से किया गया।प्रो.रमाकांत सिंह हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष ने शेडो संस्था और लोकविधान टिमरनी के साथियों का पुष्पगुच्छ के माध्यम से अभिवादन किया।

प्रो. रमाकांत सिंह ने शास. कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा के प्राचार्य डॉ उमेश धुर्वे का स्वागत किया। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो रमाकांत सिंह ने स्वागत भाषण के माध्यम से मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया और परसाई जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। स्त्रोत वक्ता सत्यम सत्येंद्र पांडे के द्वारा परसाई जी के कृतित्व पर व्याख्यान देते हुए कहा गया कि हरिशंकर परसाई का साहित्य सम सामयिक परिस्थितियों में खरा उतरता है। कार्यक्रम में शेडो संस्था और लोकविधान टिमरनी के साथियों द्वारा आज के संदर्भ में प्रासंगिक जनगीत प्रस्तुत किया गया । स्त्रोत वक्ता वरिष्ठ कवि राजेंद्र शर्मा ने व्याख्यान के माध्यम से परसाई जी के जीवन से जुड़े कई अनछुए पहलुओं से सभी का साक्षात्कार कराया एवम परसाई जी के साथ बिताए गए पलों का संस्मरण सुनाया। महाविद्यालय की छात्रा रितु बकोरिया बीकॉम प्रथम वर्ष के द्वारा परसाई जी को समर्पित एक कविता प्रस्तुत किया गया। लोकगायक रितेश के द्वारा सम सामयिक गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष एस के अग्रवाल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ प्राची सिंह ,हिंदी विभाग ने किया । कार्यक्रम में प्रो. एस के झा , डॉ अतुल गौर,प्रो.प्रशांत चौरसिया ,नवनीत सोनारे, डॉ कल्पना स्थापक, डॉ आरती पडियार, श्रीमती विजयश्री मालवीय, डॉ जया कैथवास , श्रीमती सुमन यादव ,डॉ रश्मि सोनी, श्रीमती गीता डोंगरे सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# स्टेट बैंक कॉलोनी में धमा चौकड़ी मचाते आवारा मवेशी



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा नगर के अधिकतर कॉलोनी में आवारा मवेशियों का जमघट देखा जा सकता है। इन आवरा मवेशियों द्वारा लोगों को मारकर घायल कर रहे हैं वही अपनी धमा चौकड़ी मचा कर लोगों में दहशत का माहौल बना रहे हैं। इन मवेशियों को जब नागरिकों द्वारा कालोनी से बाहर किया जाता है तो वह इनको मारने के लिए भी दौड़ते हैं इन आवारा मवेशियों के मालिकों द्वारा दूध निकाल कर सड़कों पर लोगों को परेशान करने के लिए छोड़ दिया जाता है और खुद चैन की नींद अपने-अपने घरों में सोते हैं। इस और ना तो प्रशासन का ध्यान है और ना ही नगर पालिका का कई बार नगर पालिका में शिकायत करने के बाद भी इन आवारा मवेशियों की समस्या जस के तस बनी हुई है।



# सावन निकला खाली, भादो से जागी उम्मीद, 1 घंटे हुई झमाझम बारिश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पिछले दो वर्षों से अच्छी बारिश नहीं होने के कारण डेम नहीं भर पा रहा इस बार तो और भी ज्यादा इंद्र देवता रूठे हुए नजर आ रहे हैं। सावन के महीने में अच्छी बारिश नहीं होने से अभी डेम खाली है । भादो की शुरुआत अच्छी से हुई है जिसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि आने वाले दिनों में इसी तरह की बारिश होगी तो केथन डैम में भर जाएगा मंगलवार को 1 घंटे तक तेज बारिश होने से काफी राहत मिली फासले भी पानी मांग रही थी किसानों के चेहरे भी खिल गए दूसरी ओर नगर वासियों की उम्मीद भी बढ़ गई इस महीने में आने वाले दिनों में इसी तरह की बारिश हो सकती है। इसी तरह की बारिश होगी तो जलस्तर में वृद्धि होगी केथन डेम भी भर जाएगा तो आने वाले दिनों में जल सप्लाई की जो समस्या निर्मित हो रही है उससे काफी हद तक मुक्ति मिल जाएगी अभी एक दिन छोड़कर ही जल सप्लाई नगर पालिका के द्वारा किया जा रहा है। डेम खाली होने से अगले वर्ष को लेकर और भी ज्यादा चिंताएं बड़ी हुई है वह भी खत्म हो जाएगी भदो के पहले दिन बारिश होने से जागी है लगातार बारिश नहीं होने के कारण गर्मी से भी मुक्ति नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को काफी देर तक अच्छी बारिश होने के बाद जैसे ही आसमान बादल छांटें तो गर्मी के कारण लोगों की हालत भी खराब हो रही थी उमस के कारण बेचौनी सभी के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।आखिर ऐसे हालत क्यों बन रहा है इसको लेकर भी कहीं तरह की चर्चाएं हो रही है । लोगों का कहना है कि महामाई मैया को मानो तभी अच्छी बारिश होगी। सावन के महीना बीत जाने के बाद भी शहर में झमाझम बारिश नहीं होने के कारण केथन डेम अभी भी खाली पड़ा हुआ है। हल्की-फुल्की बारिश से थोड़ा बहुत ही पानी धीरे-धीरे करके केथन डेम में बड़ा है पर जब तक डेम पूरी तरह से नहीं भरेगा तब तक नगर वासियों की चिंता खत्म होने का नाम नहीं लगी सावन के महीने में अच्छी बारिश होने की उम्मीद थी पर वह धरी की धरी रह गई हल्की-फुल्की बारिश से सावन का महीना बीत गया अब भादो के महीने में बारिश होने की उम्मीद है मग भी प्रारंभ हो गए हैं मौसम विभाग के द्वारा भी 20 अगस्त से बारिश होने की संभावना जाहिर की है पहले दिन बारिश भी अच्छी हुई यदि इस बारिश होती है।

## बुधवार को शहर के आधे क्षेत्र में हुई बारिश



**सिरोंज।** बुधवार को दिनभर बादलों की लुका छुपी का दौड़ चला रहा शाम के समय आसमान पर काली घनाओं ने डेरा जमा लिया शहर के आदे क्षेत्र में बारिश हुई जिसमें लटेरी रोड स्थित केथन के पास में आधे घंटे अच्छी बारिश होने से मौसम में जरूर ठंडक खुल गई शहर में हल्की बूंदाबांदी जरूर काफी देर तक होती रही इससे पहले बादलों के लुका छुपी की वजह से उमस के कारण लोगों की परेशानी हो रही थी इसी बीच बिजली गुल हो जाने से और भी ज्यादा समस्या उत्पन्न हो गई शहर में जरा सी बारिश होती है तो बिजली गायब हो जाती है। वहीं जिस तरह की बारिश होनी चाहिए उस तरह की बारिश नहीं होने से गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है । हल्की बारिश का दौर जारी रहने से किसानों को जरूर फायदा हो रहा है फासले अच्छी आने की उम्मीद किसानों को लग रही है।

## अभाविप द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर मुंह मीठा कराया



**सिरोंज।** इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राखी के पावन त्यौहार पर जगह-जगह पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों जो अपने घरों से दूर देश के और जन सुरक्षा के लिए ड्यूटी कर रहे थे को राखी बांधकर मुंह मीठा करके राखी का त्योहार मनाया गया।

**कलेक्टर बदलते ही अवैध कॉलोनी का मामला गया ठंडे बस्ते में**

# नपा प्रशासन नहीं दे रहे ध्यान भूमाफिया आम जनता को लूट रहे हैं



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों के द्वारा भोले भाले लोगों को खुलेआम चूना लगाने का काम किया जा रहा है । हमारे सवांददाता के द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों का मामल प्रमुखता से पिछले महीने प्रकाशित किया था इसके बाद तत्कालीन कलेक्टर ने अवैध रूप से कॉलोनी की जांच के लिए जिले से कमेटी का गठन भी किया था पर कुछ दिनों के बाद कलेक्टर की बदली हो गई उसके बाद जांच टीम ने विकासखंड में जाना भी ठीक नहीं समझा इस वजह से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों की बल्ले बल्ले हो रही है और इन कॉलोनीयों में रहने वाले लोगों को आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर की ठोकने खानी पड़ रही है पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने के कारण घरों के अंदर गंदा पानी जमा हो रहा है नालियां नहीं होने से निकलने में परेशानी होती है बरसात के दिनों में तो इनकी मुसीबत और भी ज्यादा बढ़ जाती है जिसको लेकर कई बार नगर पालिका सीएमओ ,एसडीएम से भी शिकायत है की जा चुकी है। अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई का अधिकार वैसे तो नगर पालिका प्रशासन को है पर उसके जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए करवाई तो नहीं करते हैं उल्टा रहवासी जब सुविधा मांगने के लिए इनके पास जाते हैं तो अवैध कॉलोनीयों का ठीकरा फोड़कर इनको चला कर देते हैं।

### एक भी नियम का नहीं करते हैं पालन -

अबैध धूप से कॉलोनी काटने वालों के द्वारा कॉलोनी काटने के लिए शासन के द्वारा बनाई गई गाइडलाइन के एक भी नियम का पालन नहीं किया जाता है। बड़े-बड़े बैनर पोस्टर लगाकर लोक लुभावने वादे भी किए जाते हैं केवल जनता को मूर्ख बनाने के लिए कच्ची सड़क और डायवर्सन करवा कर कॉलोनी प्रारंभ कर देते हैं प्लाट बेचने ने के बाद मुड़कर भी इन कॉलोनी में नहीं देखते हैं जब तक प्लांट नहीं बिकते हैं तब तक प्लांट नहीं बिकते हैं तब ग्राहकों को सभी सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया जाता है। खुलेआम आम जनता की आंखों में मिर्ची डालने का काम ऐसे लोगों के द्वारा किया जा रहा है । पर प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए पर ऐसा नहीं हो रहा है जनता लुट रही है और भूमाफिया मालामाल हो रहे हैं।

### आखिर भूमाफियाओं पर कार्रवाई से प्रशासन क्यों कतराता है -

मुख्यमंत्री के द्वारा भी अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए हैं इसके बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई करने के लिए कदम बढ़ाया था पर कलेक्टर के जाते ही वह कार्रवाई पूरी तरह से ठंडा बस्ते में पड़ी हुई है इसी बात का फायदा उठाकर नगर में चारों तरफ अबैध रूप से कालोनियां काटने का खेल इन दिनों जोर-जोर से चल रहा है पहले से ही अवैध कॉलोनी की भरमार होने के कारण इन कॉलोनी में रहने वाले लोगों को आज भी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इन में सड़कों से लेकर नालियों का निर्माण नहीं है पानी का इंतजाम भी नहीं है बिजली वितरण कंपनी के द्वारा भी स्थाई कनेक्शन नहीं दिया जाता है इस वजह से इनको अधिक पैसे भी चुकने पड़ते हैं इन सब की जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के नाम पर केवल नोटिस और जांच टीम बनाकर अपनी औपचारिकता पूरी करके मामले को दफा दफा कर देते हैं इस वजह से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों की बल्ले बल्ले हो रही है भोले भाले लोग इनके जंगल में फंसकर लुट रहे हैं । अवैध रूप से कॉलोनी काटकर यह लोग चलते बनते हैं फिर इन में रहने वाले लोग सुविधाओं के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं।

### इनका कहना है-

*अवैध कॉलोनी का खेल सबकी मिली भगत हो रहा है तभी भूमाफियाओं के आगे अधिकारी जनप्रतिनिधि भी कुछ नहीं कर पा रहे उनकी ताकत के आगे सब फेल हैं तभी तो शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अब मुख्यमंत्री के पास शिकायत करेंगे।*

**अशोक जैन खर्चा** समाजसेवी

*अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों की जांच कराकर कार्रवाई करेंगे पहले जो जो टीम बनाई थी मुझे उसकी कोई जानकारी नहीं है पर हम कार्रवाई करेंगे।*

**रोशन सिंह,** कलेक्टर

# सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद पटवारी किसान को कर रहा था परेशान, एसडीएम ने लगाई फटकार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नाऊखेड़ा में रहने वाले किसान गुमान सिंह के द्वारा कई दिनों से जमीन के सीमांकन तथा पड़ोसी के द्वारा जबरन उसकी जगह में मकान बनाने का कार्य किया जा रहा था जिसको लेकर कई बार पटवारी शिकायत की ओर तहसीलदार एसडीएम तथा कलेक्टर से शिकायत की इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई इससे नाराज होकर हल्का पटवारी पीड़ित किसान की जमीन की नपती करने के लिए नहीं जा रहा था इसके बाद बुधवार को किसान गुमान सिंह ने एसडीएम हर्षल चौधरी को आवेदन देते हुए अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि मैं कई महीनो से परेशान हो रहा हूं दूसरे व्यक्ति के द्वारा जबरन मेरी जगह में पक्का मकान बनाने का काम किया जा रहा है पटवारी से शिकायत करते हैं तो वहां बोलते हैं ओर सीएम हेल्पलाइन लगाओ जितनी लगाना और जहां शिकायत करना वहां शिकायत कर दो मैं नहीं नपती करूंगा इसके बाद एसडीएम ने संबंधित हल्का पटवारी को फटकार लगाते हुए तत्काल गांव पहुंचकर सीमांकन करके अवैध रूप से निजी भूमि में यदि निर्माण हुआ उसको रुकवाने के लिए निर्देश किया इसके बाद पटवारी मौके पर नाप तोली करने के लिए पहुंचा।

# भीम आर्मी ने निकाली रैली, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन, बाजार बंद को नहीं मिला समर्थन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ बुधवार को भीम आर्मी, बसपा समेत अन्य एससी-एसटी संगठनों ने रैली निकाली राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। वहीं इन संगठनों ने 14 घंटे का भारत बंद बुलाया था। लेकिन नगर में भारत बंद का असर दिखाई नहीं दिया। यहां सभी दुकानें आम दिनों की तरह खुली रहीं। बाजार सहित फल सब्जी आदि के ठेले भी खुले हुए थे एक का दक ही लोगों ने ठेले आदि नहीं लगाई थीं। भीम आर्मी और बहुजन समाज पार्टी के कुछ नेताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया है। भीम आर्मी के कार्यकर्त्ताओं ने छत्री चौराहे से लेकर तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। इसके बाद एसडीएम हर्षल चौधरी को महामहिम राष्टपति के नाम संबोधित ज्ञापन देते हुए हुए पूर्व संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह अहिरवार ने कहा कि बाबासाहेब के अथक संघर्ष से भारत के सविंधान में अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अनुच्छेद 340 की धारा 15-4 एंव आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया हैं। आरक्षण की व्यवस्था 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 7.5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति तथा 27 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्गों के लिए की गई है। इसी के तहत इन वर्गों को शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा हैं। परंतु आज तक किसी भी सरकारी विभाग में पूर्ण रूप से आरक्षण का कोटा पूरा नही किया गया है। विगत 1 अगस्त 2024 को सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को आदेशित किया है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मिलने वाले आरक्षण का राज्य सरकारें सर्वे कराए तथा इन जातियों में क्रीमीलेयर को छोटे और वर्गीकरण भी करे। उन्होंने कहा कि इस आदेश से अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को काफी नुकसान होगा जातिगत आधार पर लोगो को बंटबारा होगा। वही भीम आर्मी संगठन ने यह भी बताया कि यह आंदोलन का प्रथम चरण है, दूसरा चरण 11 सितम्बर को दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन करने का है और माँगे पूरी नही होती है तो यह आन्दोलन आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। लखपत सिंह ठकरेले, प्रेमसिंह बौद्ध, मिश्रीलाल, ओमप्रकाश जाटव, संजीव अहिरवार, मोहरसिंह बौद्ध, भारत, अभिषेक चौधरी, लालू अहिरवार, संजू जाटव, अजब सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मजूद रहे।

# 'झोलाछाप डॉक्टरों की पहचान के बाद सख्त कार्रवाई करें'

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बीते कुछ दिन पहले सीएम मोहन यादव ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी किए थे जिसके बाद प्रदेश के प्रत्येक जिले के कलेक्टर सहित सीएमएचओ और बीएमओ को यह आदेश मिल चुका था की जल्द झोलछाप डॉक्टर जो जनमानस की जिंदगी से खिलवाड़ कर उन्हें लूट रहें है उन्हें चिन्हित कर कार्यवाही की जाए फिर भी मुख्यमंत्री के आदेश के बाबजूद आज दिनाक तक विदिशा जिले की लटेरी ब्लॉक में झोलाछाप डॉक्टरों को लेकर एक भी कार्यवाही देखने में नही आई है और बेधड़क होकर यह झोलाछाप कहें जाने वाले डॉक्टर अपने बड़े बड़े हॉस्पिटल संचालित कर रहें है और जनमानस को लूटने में लगे है वर्तमान में मौसम के बार बार परिवर्तन से मौसमी बुखार का दौर चल रहा है और इन डॉक्टरों की मनमानी फीस और क्लिनिक में खुदके ही मेडिकल और बेड लगाकर मनमाने पैसे मरीजों से वसूल किए जा रहें है लटेरी बीएमओ मुख्यमंत्री के आदेश को हल्के में ले रहे है और आज दिनांक तक भी झोलाछाप को चिन्हित करने में ही लगे।

### कभी डॉक्टरी की पढ़ाई नहीं की, दवाओं के नाम रटकर मरीजों को पर्चे लिख रहे

लटेरी में आए दिन क्लिनिक हॉस्पिटल ऐसे खोले जा रहे है मानो डॉक्टर्स ने द्य अपना व्यापार बना लिया हो कोई बेड लगाकर बेहतरीन कांच का सो सेफ तैयार कर अपने हॉस्पिटल को चमकाने में लगा है तो कोई छोटा क्लिनिक खोल मरीजों को बॉटल इंजेक्शन लगाने पर आमादा है और कई तो ऐसे है जिन पर न डिग्री है न कभी डॉक्टरी की पढ़ाई की है फिर भी डॉक्टर साहब बनकर एक दो दबाओं के नाम रटकर मरीजों को पर्चे लिखे जा रहें है और अपना व्यापार चलाए जा रहें है मुख्यमंत्री के कड़े आदेश के बाद भी लटेरी में धड़ल्ले से चल रहे इन झोलाछाप कहे जाने वाले डॉक्टर्स पर कब होगी कार्यवाही कब तक यह जनता इनके चंगुल से बचेगी।

### इनका कहना है-

*आदेश उपरांत तत्काल बीएमओ को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था अब तक क्या कार्यवाही हुई जानकारी लेती हूँ।*

**अनुभा जैन** एसडीएम

*हमने क्लिनिक डॉक्टर की जानकारी एकत्र कर सूची तैयार कर ली है जल्द ही नोटिस जारी करेंगे समय अवधी में दस्तावेज न देने पर कार्यवाही की जाएगी।*

**अभिषेक उपाध्याय** बीएमओ

**मेट्रो एंकर**

**कलेक्टर ने शहर का औचक निरीक्षण किया**

# साफ-सफाई संबंधी तमाम कार्य सुबह 9 बजे के पहले पूरे करने कलेक्टर के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को विदिशा शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर निकाय के द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों का जायजा लिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने औचक निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई संबंधी तमाम कार्य नगर पालिका अमले के द्वारा हर रोज सुबह 9 बजे से पहले पूरे हो जाएं की व्यवस्थाएं क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने विदिशा सब्जी मंडी में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विक्रेता कचरे का संग्रह डस्टबिन में करेंगे और नगर पालिका का अमला आकर इन डस्टबिनों (डिब्बा) में रखे कचरे को नियत स्थलों पर भण्डारित हेतु ले जाने का कार्य करेगा।कलेक्टर श्री सिंह ने मौके पर मौजूद पूर्व सब्जी मंडी अध्यक्ष मनोज पोरिया को साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय स्तर पर पहल करने तथा जिन व्यापारियों के द्वारा डस्टबिन (डिब्बा) में कंचरा संग्रहित नहीं किया जाता है उनके खिलाफ आर्थिक पेनाल्टी लगाए जाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी सब्जी विक्रेताओं को मंडी परिसर में स्वच्छता संबंधी कार्यो में सहयोगप्रद करने के नवाचार को और आगे बढाने पर बल दिया है।



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बस स्टेण्ड परिसर में भी स्वच्छता संबंधी कार्यो का जायजा लिया। यहां उन्होंने मुख्य नगरपालिका एवं अधीनस्थो को निर्देशित किया है कि बस स्टैण्ड परिसर में दो बार कचरा संग्रह के कार्य संबंधित नपा अमले के माध्यम से सुनिश्चित कराए जाए। उन्होंने कहा कि हर रोज रात में कचरा उठाने का कार्य कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार दोपहर तीन बजे भी साफ-सफाई के कार्य संपादित कराए जाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने बस स्टेण्ड परिसर में हाई मास्क की लाइट चालू पाए जाने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि हर रोज समय पर स्ट्रीट लाइट व हाई मास्क की लाईटे चालू की जाए और बंद करने का कार्य भी किया जाए ताकि विद्युत के अपव्यय को रोक कर नगरपालिका पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक भार को रोका जा सकें। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को भी उपरोक्त कार्य की सतत मानिटरिंग करने और ठेकेदार द्वारा जिन क्षेत्रो में लाइट व्यवस्था की टेस्टिंग की जा रही है उन ही क्षेत्रों में ही लाइट चालू रखें। सम्पूर्ण शहर में दिन के नौ-दस बजे तक लाईटे चालू रखने का क्या औचित्य है।

कलेक्टर श्री सिंह ने डंडापुरा में नपा के द्वारा कचरा संग्रह के लिए किए गए प्रबंधो का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने कहा कि सड़क पर कचरा भण्डारित कर परिवहन कराना उचित नहीं है। अतः यहां पर कचरा वाहन पूर्व से खडे रहें ताकि शहर के अन्दर का कचरा लेकर आने वाले वाहनो को सड़क पर डम्प ना करना पड़ें उन्होंने कहा कि सडक यातायात के लिए है। हम आवागमन को प्रभावित करते हैं वहीं वायु पर्यावरण को भी प्रदूषित करने में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। कलेक्टर श्री सिंह ने डंडापुरा में स्थित नगरपालिका गैरेज का भी निरीक्षण किया। यहां रोड क्लीनर मशीन खडी पाए जाने पर उन्होंने सख्त हिदायत दी है कि इसका उपयोग सड़को की साफ सफाई में किया जाए ।


पंजी. 8435 दिनांक 27/5/67

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या, मुगलसराय**
**शाखा सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक दिनांक 04/08/2024

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी सोसायटी रबी पैक्मा मुगलसराय**

पंजीयन 8436 दिनांक 27/5/1967

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी सोसायटी रबी पैक्म मुगलसराय के समस्त अंशधारी कृषक सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन दिनांक 04/09/2024 बुधवार समय दोपहर 2 बजे स्थान गोदाम भवन झण्ठक पर आयोजित की जाएगी। गणपूरी (कोरम) के अभाव में बैठक स्थागित होने की दशा में स्थागित साधारण सभा की बैठक पुनः उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**प्रशासक** एस. के. जैन — **समिति प्रबंधक** अशोक श्रीवास्तव



# 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेली जाएगी बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज

## ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शुरू की तैयारियां, भारत से घरेलू सरजमीं पर बदला लेने को बेताब

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेले जाने वाली इस सीरीज में पहली बार पांच टेस्ट मुकाबले खेले जाएंगे। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए यह सीरीज काफी अहम है, क्योंकि पिछली दो सीरीज में भारत ने कंगारू टीम को उसी के घर में हराया। यह दर्द अभी तक ऑस्ट्रेलियाई टीम के जेहन में है और वो हर हाल में इस बार भारतीय टीम को शिकस्त देकर सीरीज जीतना चाहती है। इस सीरीज की शुरुआत में भले ही अभी तीन महीने का समय है लेकिन कंगारू टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। बता दें पहली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज 1996 में भारतीय सरजमीं पर खेली गई थी।



### ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर टीम में करेगा शामिल

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत के खिलाफ रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है। इसके तहत, वह अंतिम एकादश में ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर शामिल करेगा। मीडियम पेसर ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिचेल मार्श अहम साबित हो सकते हैं। कमिंस ने कहा, ग्रीन और मार्श के शामिल होने से हमारी गेंदबाजी को काफी मजबूत मिलेगी। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलन बॉर्डर के नाम पर यह सीरीज खेली जाती है। 2014-15 में भारतीय टीम ने आखिरी बार सीरीज हारी थी। उसके बाद खेली गई सभी चार सीरीज में टीम इंडिया ने जीत हासिल की है। जिम में ट्रेनिंग करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस।

### सीरीज से पहले बहुत कम मैच खेलेंगे

भारतीय टीम के साथ सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड में एक मैच खेल सकते हैं, ताकि उन्हें मैच अभ्यास मिल सके। इसके अलावा, वह पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे। कमिंस ने कहा, फिलहाल मेरी प्राथमिकता जिम में कड़ी मेहनत करने पर है। मैं पिछले दो साल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं और मुझे खुद को सीरीज के लिए तरोताजा रखना है। यह टेस्ट सीरीज हमारे लिए काफी अहम है क्योंकि पिछली दो घरेलू सीरीज में हमें भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### भारत के खिलाफ लकी साबित हुए हैं कमिंस

यदि पैट कमिंस की कप्तानी पर बात करें तो भारत के खिलाफ वह हमेशा ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए लकी साबित हुए हैं। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को हराकर चैंपियन बनीं थी। इससे पहले, कमिंस की कमान में ही ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।

### फिटनेस हासिल करने में जुटे कप्तान कमिंस

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए अभी से फिटनेस हासिल करने में जुट गए हैं। पिछले दो साल से लगातार क्रिकेट खेल रहे पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग स्टाफ ने दो महीने गेंदबाजी से ब्रेक लेने की सलाह दी है, ताकि वह खुद को तरोताजा रख सकें। 31 वर्षीय कमिंस अक्टूबर में गेंदबाजी करने की योजना बना रहे हैं।

भारतीय स्कीट शूटर माहेश्वरी चौहान बोली

## 'पदक गंवा देना तकलीफ देता है लेकिन पेरिस में काफी सीखा'



**नई दिल्ली. एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक गेम्स में छह भारतीय खिलाड़ी अपनी स्पर्धाओं में चौथे स्थान पर रहकर कांस्य पदक जीतने से चूक गए थे। इसमें भारतीय स्कीट जोड़ी अनंतजीत सिंह नरूका और माहेश्वरी चौहान भी हैं। ये जोड़ी कांस्य पदक मुकाबले में चीनी जोड़ी से सिर्फ एक अंक से हार गई थी। माहेश्वरी ने कहा कि उन्हें दुख है कि पदक हाथ से फिसल गया लेकिन पेरिस ओलंपिक से मिला अनुभव उन्हें भविष्य में बेहतर निशानेबाज बनाएगा। माहेश्वरी ने कहा जब आप पदक से चूक जाते हैं तो किसी भी एथलीट के लिए इससे बुरा कुछ नहीं होता। इससे यह भी पता चलता है कि ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होती।

### हमें चीनी-कोरियाई एथलीटों जैसा आक्रामक होना होगा

यदि हम तकनीकी स्तर की बात करें तो चीन और कोरियाई एथलीटों से ज्यादा बेहतर हैं लेकिन हम एक चीज में मात खा जाते हैं। वे हमसे कही ज्यादा आक्रामक होते हैं और इसका असर उनके प्रदर्शन में दिखता है। यह मेरा पहला ओलंपिक था और पहली बार कोई भारतीय स्कीट जोड़ी फाइनल तक पहुंची थी। ऐसे में यह मेरे और अनंतजीत सिंह नरूका के लिए बड़ा पल था। यह चीज मुझे भविष्य में और अच्छा करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। यहां मिला अनुभव मेरे लिए भविष्य में बहुत काम आएगा।



**मेट्रो बाजार**

## एपल देश में बनाएगी आईफोन 16 के प्रो-मॉडल, ट्रेनिंग शुरू

**नई दिल्ली. एजेंसी**

एपल आईफोन 16 सीरीज के प्रो-मॉडल को लॉन्चिंग के तुरंत बाद भारत में असेंबल करेगी। तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में फॉक्सकॉन के प्लांट में जल्द ही इसकी असेंबलिंग के लिए न्यू प्रोडक्ट इंट्रोडक्शन की प्रोसेस शुरू होगी। एपल ने यहां के कर्मचारियों को आईफोन 16 प्रो और प्रो मैक्स के प्रोडक्शन के लिए ट्रेनिंग देना भी शुरू कर दिया है। इन फोन की ग्लोबल लॉन्चिंग के बाद भारत में इनकी असेंबलिंग शुरू हो जाएगी। एपल मेड इन



इंडिया आईफोन 16 को उसी दिन उपलब्ध कराएगी जिस दिन दुनिया भर में बिक्री शुरू होगी। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के मुताबिक एपल चीन से बाहर आईफोन प्रोडक्शन में विविधता लाने और भारत में अपनी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने जा रही है। साथ ही, रेवेन्यू सोर्स भारत में शिफ्ट कर रही है। अभी एपल भारत में नए आईफोन 15 के साथ कई मॉडल बनाती है, लेकिन हाई स्पेसिफिकेशन वाले प्रो और प्रो मैक्स मॉडल नहीं बनाती। एपल इंडिया के ऑपरेशन की वैल्यू भी वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर 1.97 लाख करोड़ रुपए हो गई है। एपल की भारत में बिक्री वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रिकॉर्ड 33त्न की बढ़ोतरी के साथ करीब 66,800 करोड़ रुपए रही। एपल के मैन्युफैक्चरर भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम का हिस्सा है। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने PLI Scheme को लॉन्च किया था। इस स्कीम से बाहर के देशों की कंपनीज को मौका मिलता है कि वो लोकल मैन्युफैक्चरिंग का फायदा उठा सकें, साथ ही उस पर इन्सेंटिव भी कमा सकें। एपल ने 2017 में आईफोन स्ब्ध के साथ भारत में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की थी।

## भारतीय कंपनियां दो साल में करेंगी 50 अरब डॉलर निवेश

**मुंबई. एजेंसी**



ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा, भारतीय कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ाने अगले एक-दो साल में कैपिटल एक्सपेंडिचर के तहत सालाना 45 से 50 अरब डॉलर यानी करीब 4.19 लाख करोड़ का निवेश करेंगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस व्यय में हिस्सेदारी 30त्न होगी। कंपनी ने अपने विभिन्न कारोबार में निवेश के लिए 15 अरब डॉलर का लक्ष्य तय किया हुआ है। मूडीज ने भारत और इंडोनेशिया में सक्रिय कंपनियों के ऊपर जारी रिपोर्ट में कहा, उत्पादन श्रृंखला एकीकरण व शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए यह निवेश किया जाएगा। मूडीज की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑयल एंड गैस सेक्टर की कंपनियां और रिलायंस इंडस्ट्रीज मिलकर अगले एक से दो साल में सामूहिक रूप से भारतीय कंपनियों के कुल कैपिटल एक्सपेंडिचर का 60 फीसदी तक खर्च करेंगी।

## रिटेल क्षेत्र में 52,000 कर्मियों की छंटनी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

रिटेल सेक्टर की पांच बड़ी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 52,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह संख्या पांचों कंपनियों की संयुक्त श्रमबल का 17 फीसदी है। छंटनी करने वाली कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल, टाटा समूह की टाइटन, रेमंड, पेज इंडस्ट्रीज और स्पेन्सर शामिल हैं। कुल छंटनी में रिलायंस रिटेल की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। कंपनी ने 38,029 कर्मचारियों की छंटनी की है। एक दर्जन सूचीबद्ध लाइफ स्टाइल, ग्रॉसरी व क्विक सर्विस रेस्टोरेंट्स ने 23-24 में श्रम बल में 26,000 की कटौती की है। इन खुदरा विक्रेताओं के पास 2022-23 में कुल 4.55 लाख कर्मचारी थे।

## टेनिसः पुरुष एकल फाइनल में इटालियन खिलाड़ी ने टियाफो को दी शिकस्त, महिला एकल में जेसिका पेगुला को मिली मात

**सिनसिनाटी. एजेंसी**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के 23 वर्षीय जेनिक सिनर ने सोमवार रात शानदार प्रदर्शन करते हुए सिनसिनाटी ओपन का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमरीकी खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो को एक घंटे 37 मिनट में 7-6, 6-2 से हराया और पहली बार यहां चैंपियन बने।

**दूसरे सबसे युवा चैंपियन** - 2008 में एंडी मरे (तब 21 वर्ष की उम्र) के बाद सिनर सिनसिनाटी ओपन चैंपियन बनने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। 2024 में वह दो एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी है। उन्होंने सीजन का कुल पांचवां खिताब जीता।



**बेलारूसी खिलाड़ी ने जीता छठा डब्ल्यूटीए:** सबालेंका ने अपने करियर का कुल 15वां और छठा डब्ल्यूटीए-1000 खिताब है। उनके आगे इगा स्विटेक और विक्टोरिया अजारेंका हैं, जिन्होंने सर्वाधिक 10-10 डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीते हैं। 2004 के बाद वह बिना एक भी सेट गंवाए सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गई है।

### यूएस ओपन के लिए तैयारियों को किया पुख्ता

इस खिताबी जीत से जेनिक सिनर ने यूएस ओपन के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत किया है। साथ ही उन्होंने अपनी फिटनेस भी साबित की। सिनर पिछले कुछ महीनों से कूल्हे की समस्या से परेशान रहे और इस वजह से उन्हें पेरिस ओलंपिक से भी हटना पड़ा था। सिनर ने कहा, यह सप्ताह बहुत कठिन गुजरा, लेकिन ट्रॉफी जीतकर मैं काफी खुशी महसूस कर रहा हूं।

ओलंपिक पदक विजेता का सम्मान

## सफलता के लिए कठिन मेहनत ही एकमात्र रास्ता: मनु भाकर



**चेन्नई. एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक गेम्स में दो कांस्य पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर ने एक कार्यक्रम में छात्रों को सफल होने का गुरुमंत्र दिया। 22 वर्षीय मनु भाकर ने छात्रों से बात करते हुए कहा, सफल होने के लिए कठिन मेहनत की एकमात्र रास्ता है। बड़े सपने देखों और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ा परिश्रम करो। जब आप बड़े सपने देखोगे, तभी कुछ बड़ा हासिल कर पाओगे। साथ ही मनु भाकर ने कहा कि जीवन में आए उतार-चढ़ाव से कभी घबराना नहीं चाहिए। मनु ने कहा, मेरे पास करियर बनाने के कई विकल्प थे लेकिन डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बनना था। स्पोर्ट्स से बेहतर और खूबसूरत जिंदगी कुछ नहीं होती। यदि आपको वित्तीय सहायता मिलती है तो आप खेलों में कुछ भी हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में मनु भाकर को 2.07 करोड़ रुपए की इनामी राशि के अलावा पिस्टल की शेप में एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

प्रीमियर लीग फुटबॉल

## मैनचेस्टर सिटी ने 13वीं बार किया जीत से आगाज



**लंदन. एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में जीत से शुरुआत करते हुए चेल्सी को 2-0 से शिकस्त दी। पिछले 14 सीजन में से 13वीं बार मैनचेस्टर सिटी ने जीत से आगाज किया है। आखिरी बार उसे अपने शुरुआती मैच में 2021-22 में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, चेल्सी को पिछले आठ सीजन में से तीसरी बार पहले मैच में शिकस्त मिली है। मैनचेस्टर सिटी के स्टार खिलाड़ी अर्लिंग हालैंड ने मैच के 18वें मिनट में शानदार गोल ठोका। टीम के लिए दूसरा गोल मैच खत्म होने से कुछ देर पहले 84वें मिनट में मातेओ कोवासिस ने किया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## भावनाओं का एटम बम होगी सनी देओल की 'गदर 3', निर्देशक ने किया बड़ा खुलासा

निर्देशक अनिल शर्मा ने हाल ही में सनी देओल की गदर फ्रैंचाइजी की अगली किस्त गदर 3 को लेकर बात की है। उन्होंने फिल्म के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि ये फिल्म भावनाओं का एटम बम होगी। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल गदर फ्रैंचाइजी की अगली किस्त में तीसरी बार तारा सिंह का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। गदर 2 की सफलता के बाद दर्शक गदर 3 देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अब फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने फिल्म से जुड़ी बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने हाल ही में एक बातचीत में सनी देओल स्टारर गदर फ्रैंचाइजी के अगले सीक्वल को भावनाओं का परमाणु बम बताया है। अनिल शर्मा ने एक बातचीत में फिल्म के बारे में बात करते हुए खुलासा किया कि उन्होंने गदर 3 पर काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सनी देओल की तारा सिंह के रूप में वापसी की पुष्टि की है। निर्देशक ने कहा, हमने गदर 3 पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म से जुड़ी जब हर चीज हो जाएगी, तब हम इसे साझा




करेंगे, अभी कुछ समय है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म गदर 2 को बनने में 20 साल लग गए। निर्देशक अनिल शर्मा ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि अगला भाग पहले की रिलीज की तुलना में बड़ा और बेहतर भावनात्मक पहलू वाला हो। उन्होंने कहा, गदर 3 तब आएगी जब स्क्रिप्ट पूरी हो जाएगी और मुझे लगता है कि यह सिर्फ भावनाओं का बम नहीं बल्कि भावनाओं का एटम बम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कहानियों का सिलसिला जारी रहना चाहिए। मैं कहानी का सिलसिला जारी रखना चाहता हूं। गदर फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म गदर- एक प्रेम कथा 2001 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## अक्षय से सगाई पर रवीना बोलीं *मेरा मन एंगेजमेंट टूटने में लगा रहा*



90 के दशक में रवीना टंडन और अक्षय कुमार की जोड़ी काफी हिट थी। दोनों की सबसे चर्चित फिल्मों में फिल्म मोहरा का नाम शामिल है जो कि 1994 में रिलीज हुई थी। फिल्मों में साथ काम करते हुए रवीना और अक्षय रियल लाइफ में करीब आ गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने जल्दबाजी में सगाई भी कर ली थी हालांकि बाद में इनका ब्रेकअप हो गया और 1998 में दोनों अलग हो गए। कुछ समय पहले एक इंटरव्यू में रवीना से अक्षय से एंगेजमेंट के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, हम 'मोहरा' के दौरान एक हिट जोड़ी बन चुके थे। आज भी जब हम किसी सोशल इवेंट में एक-दूसरे से मिलते हैं तो हम खूब बातें करते हैं। हर कोई आगे बढ़ जाता है। लड़कियां कॉलेज में एक-एक हफ्ते में बॉयफ्रेंड बदल लेती हैं, यहां पता नहीं क्यों एक एंगेजमेंट का टूटना मेरे दिमाग में अटका हुआ था। हर कोई आगे बढ़ जाता है, लोगों के तलाक हो जाते हैं और वो आगे बढ़ जाते हैं, इसमें क्या बड़ी बात है। हाल ही में रवीना ने अक्षय के साथ हिट गाने टिप टिप बरसा पानी की शूटिंग के बारे में भी बात की। रवीना ने इस दौरान बताया कि गाने की शूटिंग के वक्त उन्हें 102 डिग्री बुखार था क्योंकि इस गाने की पूरी शूटिंग उन्होंने बारिश में भीग-भीगकर की थी। फिल्म की शूटिंग गोवा के एक जेल में हुई थी। उस वक्त बारिश का मौसम नहीं था, जिस कारण नकली बारिश का जुगाड़ करके इस गाने को शूट किया गया था।

## नॉनवेज खाने वालों पर भड़कीं अदा शर्मा कहा- गुफा में रहो और खुद अपना जानवर मार के खा लो



अदा बचपन से ही शाकाहारी रही हैं। वह अक्सर अपने प्रशंसकों से नॉन वेज से बचने का आग्रह करती रही हैं। हाल ही ,में उनसे मांसाहारियों के फूड चेन के बारे में दिए जाने वाले तर्क के बारे में पूछा गया। 'द केरल स्टोरी' में अपने अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बनाने वाली अदा शर्मा अक्सर अपने बेबाक बयानों को लेकर जानी जाती हैं। अभिनेत्री हर विषय पर अपनी राय रखने के लिए चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने पेटा इंडिया के नए विज्ञापन अभियान में शाकाहारियों और मांसाहारियों के बीच चल रही बहस को लेकर खुलकर बात की है। अदा बचपन से ही शाकाहारी रही हैं। वह अक्सर अपने प्रशंसकों से नॉन वेज से बचने का आग्रह करती रही हैं। हाल ही ,में उनसे मांसाहारियों के फूड चेन के बारे में दिए जाने वाले तर्क के बारे में पूछा गया कि होमो सेपियंस के समय से लोग शिकार कर रहे हैं, तो नॉनवेज भोजन की प्राकृतिक प्रक्रिया और नॉनवेज खाने के बारे में उनका क्या कहना है। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही है। लेकिन जैसा कि गुफा में रहने वाले लोग करते थे। मैं कहूंगी कि आप अपनी गाड़ी में मत बैठो, आप गुफा में रहो और खुद अपना जानवर मार के खा लो। अगर आप शिकार कर रहे हैं, तो पेड़ के नीचे अपने खुद के पाषाण युग के हथियार बनाओ। अगर आपको कोई शेर या भालू मिलता है, जो भी जानवर आप उस समय पाषाण युग में खाते हैं, तो आप उसे कच्चा या भूनकर खा सकते हैं। अदा ने आगे कहा कि यदि मांसाहारी लोग गुफा कल्चर को फॉलो करना चाहते हैं, तो वे पूरी प्रक्रिया शुरू से शुरू कर सकते हैं, न कि अपनी एसी की कारों में बैठकर अपने भोजन का आनंद ले सकते हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा, ये अलग बात है, अब अगर मैं नॉनवेज खाना चाहूं तो कोई पका रहा है, कोई पकड़ रहा है, कोई मार रहा है, कोई खून साफ कर रहा है, कोई प्लेट में सजाकर परोस रहा है। इसलिए अगर आप पाषाण युग की तरह जीना चाहते हैं, तो आपको गुफा में रहना चाहिए, आप चाकू-कांटे लेकर एसी रेस्तरां में नहीं बैठ सकते।

## जहांगीराबाद पुलिस के हत्थे चढ़ने के बाद अन्य थाना क्षेत्रों से आ रही शिकायत

# पुलिस की वर्दी पहनकर ठगी करने वाला अलीम चुनता था छोटे शिकार

### छोटी वारदात में शिकायत नहीं कराने पहुंचते थे फरियादी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित चर्च रोड, बोरवन स्कूल के पास एमपी आनलाइन की दुकान चलाने वाले को फर्जी पुलिसकर्मी बनकर पांच हजार रुपए का चूना लगाने वाले अलीम खान के निशाने में छोटे शिकार रहते थे। दरअसल, वह पांच दस हजार, पचास हजार तक की ही ठगी करता था। वह जानता था कि यदि बड़ी ठगी की तो पुलिस के हत्थे चढ़ जाएगा। हालांकि अलीम खान सिर्फ पांच हजार रुपए की ठगी करते हुए पकड़ाया गया। जहांगीराबाद में एमपी आनलाइन संचालक की शिकायत पर पुलिस ने उसे दबोचा था। अब अशोका गार्डन इलाके में भी अलीम के खिलाफ पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की एफआईआर दर्ज की गई है। उक्त एफआईआर अशोका गार्डन निवासी सहादत खान की शिकायत पर दर्ज की गई। शहादत खान उदयपुरा रायसेन के रहने वाले हैं और भोपाल में अशोक विहार, कॉलोनी में रहकर प्राइवेट जॉब करते हैं। अलीम खान उनका पूर्व परिचित है। साल 2023 में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में आरोपी ने शहादत को झांसा दिया कि उसके वरिष्ठ अधिकारियों से अच्छे संबंध है और वह उसका सेलेक्शन करवा देगा। इसके लिए ढाई लाख रुपए लगेंगे। 2 सितंबर को शहादत खान पुत्र साहब खान (36) ने अलीम के खाते में 49 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ दिनों बाद भी शहादत का सिलेक्शन नहीं हुआ तो उसे पता चला कि ठगी की वारदात हुई है। उसे जहांगीराबाद में आरोपी के गिरफ्तार होने की जानकारी लगी तो उसने भी धोखाधड़ी का आवेदन अशोका गार्डन थाने में दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 24 अगस्त तक रिमांड पर आरोपी

आरोपी अलीम खान को जहांगीराबाद स्थित जिंसी चौराहा से गिरफ्तार किया था। ठगी की अन्य वारदातों की आशंका होने के कारण पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर 24 अगस्त की रिमांड मांगी थी। पुलिस को रिमांड मिली है। पुलिस आरोपी अलीम खान से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अलीम खान छोटी छोटी ठगी की वारदात कर रहा था। ठगी के शिकार हुए लोगों को उसकी गिरफ्तारी के जानकारी लगने के बाद वे थाने पहुंचकर शिकायत कर सकते हैं।

# जेल प्रहरी ने बुजुर्ग बंदी से की मारपीट, कान का पर्दा तक फट गया, सस्पेंड



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्रीय जेल में जेल प्रहरी ने एक बंदी से मारपीट कर दी। मारपीट में बंदी के एक कान का पर्दा ही फट गया। जेल प्रबंधन ने उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले गंभीरता को देखते हुए जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने जेल प्रहरी को सस्पेंड कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मूलरूप से जिला रायसेन निवासी रेवाराम (65) केन्द्रीय जेल भोपाल में साल 2015 से हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जेल में उसकी ड्यूटी जेल अस्पताल में लगाई गई है। 16 अगस्त को अस्पताल वार्ड में श्वांस की बीमारी से पीड़ित एक बंदी को भर्ती कराया गया था। उसी दौरान बंदी की हालत बिगड़ने लगी। रेवाराम ने जेल चिकित्सक को सूचना देकर प्राथमिक उपचार के रूप में पीड़ित बंदी को ऑक्सीजन दी। यह बात जेल वार्ड में ड्यूटी दे रहे प्रहरी शेखर सागर को नागवार गुजरी। उसने रेवाराम से कहा कि बिना डॉक्टर की अनुमति के तूने बंदी का उपचार कैसे कर दिया। रेवाराम ने कहा कि बंदी की हालत बिगड़ रही थी। उसकी जान बचाने के लिए उसे आक्सीजन लगानी पड़ी। इस पर शेखर सागर ने रेवाराम की बेरहमी से पिटाई कर दी। कान पर थप्पड़ लगने से उसके कान में गंभीर चोट आई थी। कान में सूजन आने से बहुत तकलीफ होने लगी। रेवाराम को हमीदिया अस्पताल भेजा गया। जांच में डॉक्टर ने बताया कि रेवाराम के कान का पर्दा फट गया है।

# मीडियाकर्मी से मोबाइल और तीन सौ रुपए की नगदी झपटी

### ऑटो में सवार बदमाशों ने की 74 बंगला इलाके में की वारदात



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीती रात ऑटो सवार बदमाशों ने मीडियाकर्मी से नगदी और मोबाइल छीन लिया। घटना 74 बंगला के पास देर रात करीब बारह बजे के आसपास की है। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नरेंद्र सिंह राजपूत पिता राधेश्याम राजपूत भोलेनाथ कॉलोनी टीला जमालपुरा में रहते हैं। इन दिनों वह प्लॅट नंबर दो नायक हाउसा प्रोफेसर कॉलोनी में रह रहे हैं और फिल्म आर्टिस्ट का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार रात वह जवाहर चौक खाना खाने गए थे। वहां से उन्होंने आटो लिया और उसे प्रोफसर कॉलोनी चलने को कहा। आटो में चार लोग बैठे हुए थे। चालक उन्हें रंगमहल चौराहा से लेकर 74 बंगला की तरफ ले जाने लगा। उन्होंने आटो वाले से पूछा कि प्राफेसर कॉलोनी चलना है और तुम कहां ले जा रहे हो। इस पर आटो में बैठे अन्य बदमाशों ने नरेंद्र सिंह से चलती आटो में मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने चाकू दिखाकर जेब से तीन सौ रुपए की नगदी और मोबाइल निकाल लिया। और भाग निकले।

## ऑटो की टक्कर से चालक समेत 3 घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जयप्रकाश रामचंदानी (58) अयोध्या नगर में रहते हैं और सवारी आटो चलाते हैं। वह अपने आटो में एक परिवार को बिठाकर सेमरा से रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे थे। पावर हाउस रोड स्थित बिजली आफिस के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार आटो ने उनके आटो में टक्कर मार दी। इससे आटो का कांच फूट गया और जयप्रकाश के साथ ही आटो में बैठे निर्मल कुमार, अंजना को गंभीर चोट आई। महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जयप्रकाश की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले आटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सिर्फ तीन की हो सकी गिरफ्तारी, पुलिस की दलील, अलग अलग टीम दे रही दबिश

# अयोध्या नगर: ज्वेलरी शॉप में वारदात करने वाले नकबजनों का नहीं लगा सुराग



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित डी सेक्टर में जैन ज्वेलर्स में चेनल गेट के चार ताले तोड़ने के बाद शटर उठाकर अंदर घुसकर नकबजनी करने वाले केवल तीन बदमाशों की ही गिरफ्तारी हो सकी है। उक्त मामले में पुलिस ने कुल सात लोगों को आरोपी बनाया है। चार आरोपियों की पुलिस की अलग-अलग टीम तलाश कर रही है, लेकिन पुलिस के हाथ सफलता नहीं लग रही है। पुलिस की दलील है कि आरोपी पारदी गैंग के हैं और अपना ठिकाना बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे हैं। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उनकी गिरफ्तारी से इलाके में हुई अन्य वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि 15-16 अगस्त की दरमियानी रात डी सेक्टर अयोध्या नगर निवासी विकास जैन पिता महावीर प्रसाद जैन (48) ने थाने पहुंचकर शिकायत की। उन्होंने शिकायत में बताया कि वे परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इस दौरान नीचे ग्राउंड फ्लोर पर उनकी ज्वेलरी शॉप में कुछ बदमाश घुस गए। बदमाशों ने चेनल गेट के चार ताले तोड़े। इसके बाद शटर उठाकर अंदर का टफन ग्लास तोड़ने के बाद अंदर घुस गए। नकबजनों ने काउंटर और शॉप में रखे चांदी के डेढ़ किलो के जेवरात समेट लिए। नकबजन रिपेयरिंग के लिए आए सोने के पुराने जेवरात भी रख लिए। दुकान के पास रहने वाले किराएदार ने उन्हें विकास को रात में ही कॉल कर बताया कि दुकान में खटपट की आवाज आ रही है। जैन नीचे पहुंचे और नकबजनों का ललकारा। जैन की आवाज सुनकर नकबजन दुकान से बाहर आए और जैन पर पथराव करते हुए कुछ दूरी पर खड़ी स्कार्पियो से भाग निकले। पुलिस ने वायरलेस सेट पर घटना की जानकारी प्रसारित की। प्रसारण के बाद पिपलानी इलाके में संदिग्ध स्कार्पियो को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस बीच स्कार्पियो सवार नकबजन पुलिस के बेरीकेड्स तोड़कर फरार हो गए।

### 7 टीम में 32 अधिकारी और कर्मचारी

नकबजनों की गिरफ्तारी के लिए 7 अलग-अलग टीम बनाई गई। टीम में 32 पुलिसकर्मी और अधिकारियों ने करीब तीन सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज खंगालने के बाद पुलिस आसपास के जिलों में आरोपियों की धरपकड़ के निकली। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और तकनीकि साक्ष्यों से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल स्कार्पियो की पहचान करते हुए ड्राइवर हफीज और साथी जमील उर्फ जलील खान समेत पारदी गैंग के सदस्य रनवीर शिकारी को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नकबजनी की वारदात करना स्वीकार ली। पुलिस उनके चार अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## साइबर क्राइम ब्रांच ठगी से बचने जारी की एडवाइजरी

# पुलिस के नाम ऐप बनाकर व्हाट्सएप ग्रुप पर जालसाज भेज रहे मैसेज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र पुलिस के नाम पर ऐप बनाकर जालसाज वाट्सएप ग्रुपो पर मैसेज भेज रहे हैं। सायबर ठगी से बचने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने ऐप को इंस्टॉल नहीं करने की सलाह दी है। इस प्रकार की एप्लीकेशन फाइल को मोबाइल में डाउनलोड करने और इंस्टॉल करने से ठगी हो सकती है। दरअसल बुधवार सुबह से ही लोगों के वॉट्सएप पर एक मैसेज भेजा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश पुलिस का ऐप इंस्टाल करने की सलाह दी गई। यह जानकारी अधिकारियों तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल एडवायजरी जारी करते हुए इस तरह के किसी भी एप को डाउनलोड न करने की अपील की है। सायबर क्राइम ब्रांच ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वॉट्सएप ग्रुप में मध्यप्रदेश पुलिस के ऐप (एपीके) फाइल की शेयर किया जा रहा है। यह ऐप मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा जारी नहीं किया गया है। इस प्रकार के ऐप डाउनलोड करने से सायबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। सायबर क्राइम ब्रांच ने अपील की है कि सोशल मीडिया या मैसेजिंग ऐप्स पर शेयर किए गए अज्ञात स्त्रोतो से ऐप डाउनलोड नहीं करें। केवल आधिकारिक स्त्रोतों से ही ऐप डाउनलोड किए जाने चाहिए। मोबाइल में दो-स्तरीय प्रमाणीकरण सक्रिय करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें। व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। इस दौरान किसी प्रकार का सायबर फ्राड होने पर नेशनल सायबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा भोपाल सायबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 9479990636 पर शिकायत कर सकते हैं।

# कुत्ते के भौंकने पर बुजुर्ग दंपती से मारपीट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा इलाके में घर के सामने से निकल रहे तीन युवकों को कुत्ते ने भौंक दिया। कुत्ते के भौखने से नाराज हो गए और कुत्ते के साथ मारपीट करने लगे। कुत्ते के मालिक और मालनिक ने उनका विरोध किया तो वह भड़क गए और उनसे मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान कुत्ते की मालकिन के गले से सोने की चेन गिर गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी समेत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बाणगंगा में रहने वाले लालजी शर्मा (56) प्रायवेट काम करते हैं। मंगलवार रात करीब साड़े 8 बजे वह घर पर थे। बाहर उनका पालतू कुत्ता बंधा हुआ था। इसी बीच सलमान, बाबी और सादिक नामक युवक वहां से निकले तो कुत्ता भौंकने लगा। इस पर तीनों ने कुत्ते को मारने के लिए लपके तो लालजी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया इस पर तीनों लालजी के साथ मारपीट करते हुए उनके कपड़े फाड़ दिए और नाक पर घूंसा मार दिया। घर के अंदर मौजूद उनकी पत्नी ने बचाने के लिए आवाज लगाई तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की। उसके बाद वह लालजी के साथ अड़ीबाजी करने लगे। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग निकले। झूमाझटकी के दौरान महिला के गले में पहनी सोने की चैन भी कहीं गई। उन्होंने काफी तलाश की पर नहीं मिली।

## अटेंडर से मारपीट करने पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कोहेफिजा पुलिस ने हमीदिया अस्पताल के अटेंडर की रिपोर्ट पर एक मरीज के भाई के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक रवि नरवारे (42) भवानीधाम अयोध्या नगर में रहता है। वह हमीदिया अस्पताल में डायलिसिस यूनिट में अस्थाई रूप से अटेंडर का काम करता है। मंगलवार दोपहर एक पेशेंट का डायलिसिस कराने के लिए डाक्टरों की टीम के साथ आया था। पेशेंट की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ने लगी तो उसे वापस आईसीयू ले जाया जा रहा था। इसी बीच पेशेंट का भाई रोहित उसे देखने की जिद करने लगा। रवि ने जब उसे ऐसा करने से मना किया तो रोहित ने गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए धक्का दे दिया, जिससे उसका सिर दीवार में जाकर टकरा गया। इससे रवि को गंभीर चोट आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** | राजधानी में नहीं थम रही चोरी की वारदात, पुलिस के हत्थे नहीं लग रहे चोर

# सूने मकानों के ताले तोड़कर नकदी समेत लाखों का सामान चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सूने मकानों के ताले तोड़कर चोर नकदी और जेवरात समेत लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया। कोहेफिजा इलाके में बदमाशों ने ऐसे मकान का ताला तोड़कर चोरी की, जिसमें अंदर परिवार सो रहा था। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस मुताबिक गुफरान खान (30) सूरज नगर, लाऊखेड़ी वीरविला के पास कोहेफिजा में रहते हैं और ड्रायवरी करते हैं। बीती रात करीब साड़े 12 बजे वह मकान के गेट पर ताला लगाकर बच्चे का इलाज कराने के लिए परिवार के साथ अस्पताल चले गए थे। इस दौरान घर के अंदर उनका छोटा भाई और उसका परिवार सो रहा था। तड़के करीब पौने पांच बजे वापस लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसमें रखी सोने की 2 चेन, एक जोड़ी कान की बाली तथा 40 हजार रुपए की नगदी नहीं थी। इसी प्रकार शावर खान (28) बिलाल मस्जिद के पास मदर इंडिया कालोनी शाहजहांनाबाद में रहते हैं और निजी टेलीकाम कंपनी में काम करते हैं। पिछले दिनों वह नाईट ड्यूटी करने चले गए। मंगलवार सुबह घर लौटे तो पीछे के कमरे वाली जर्जर दीवार गिरी मिली। इसी रास्ते के अंदर घुसे बदमाश घर में रखी गैस टंकी, बर्तन, हथौड़ा, गैती-फावड़ा लोहे के औजार, टूल बाक्स, आयल पेंट, बिजली की केबिल वायर समेत अन्य सामान समेट ले गए। इधर, पिपलानी थानांतर्गत पटेल नगर में रहने वाले हेमंत मालवीय के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 47 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। इसी थानांतर्गत आकाशवाणी परिसर से चोर 25 किलोग्राम तार चोरी कर ले गया। चोरी गए तार की कीमत 25 हजार रुपए बताई गई है। इस मामले में एक संदेही युवक को हिरासत में लिया है। इधर ब्रिटिश पार्क कालोनी स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मंगलेश सिंह की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। चोरी गए सामान की सूची और कीमत का खुलासा नहीं हो सका है। इसी प्रकार कटारा हिल्स थानांतर्गत स्प्रिंगवैली में रहने वाले अभिषेक दुबे के मकान से चोर 50 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

# इलेक्ट्रिक रिक्शा समेत एक दर्जन दोपहिया वाहन चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद शहर में वाहन चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। पिछले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों से एक इलेक्ट्रिक रिक्शा समेत एक दर्जन दोपहिया वाहन चोरी हो गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है, लेकिन एक भी वारदात के आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है। छोला मंदिर थानांतर्गत नवजीवन कॉलोनी में रहने वाली पुष्पाबाई के घर के सामने खड़ा इलेक्ट्रिक रिक्शा चोरी हो गया। उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी इलाके में नगर निगम कार्यालय के पास खड़ी विकास चंडाल की बाइक चोरी हो गई। इधर, हनुमानगंज थानांतर्गत वर्धमान प्लाजा के सामने खड़ी ओपेंद्र सिंह की पल्सर चोरी हो गई। आपेंद्र सिंह एमआर हैं। वह बाइक खड़ी करके मेडिकल की दुकान पर चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। जहांगीराबाद थानांतर्गत स्टेट गैरेज के पीछे खड़ी जाहिद अली की बाइक चोरी चली गई। जाहिद शासकीय कर्मचारी हैं। उन्होंने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो तड़के करीब साड़े चार बजे एक व्यक्ति उनकी बाइक पार्किंग से लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। इधर, हबीबगंज थानांतर्गत बिट्टन मार्केट से कपिल चौधरी, अशोक विहार कालोनी अशोका गार्डन से विनोद साहू, पिपलानी स्थित आनंद नगर से मनोज साहू और रत्नागिरी से सुदामा पवार, प्रोफेसर कालोनी श्यामला हिल्स से राजेश पवार, कजलीखेड़ा कोलार रोड से मानसिंह सेन, मनीषा मार्केट चूनाभट्टी से विजय नेगी और गिदवानी पार्क बैरागढ़ से वासुदेव विधानी का दोपहिया वाहन चोरी चला गया।

# शराब के नशे में युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित झुग्गी राहुल नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार हुकुम सिंह पिता ब्रजलाल निरोठा (36) झुग्गी राहुल नगर में रहता था और मजदूरी करता था। उसके परिवार में



पत्नी गंगा और बेटा है। उनके घर से कुछ दूरी पर हुकुम का साला संतोष रहता है। उसने पुलिस को बताया कि बुधवार रात उसे बहन और बहनोई के घर से चीख सुनाई दी। वह पहुंचा तो देखा कि हुकुम फर्श पर पड़ा हुआ है, बहन गंगा और भांजा रो रहे थे। संतोष ने बहन से पूछा क्या हो गया तो उसने बताया कि हुकुम ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022